रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 14 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-144 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### देवेंद्र यादव को न्यायालय ने 14 दिन की रिमांड पर भेजा जेल



**रायपुर।** कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की रिमांड अवधि पूरी होने पर देवेंद्र यादव को कोर्ट में पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने विधायक देवेंद्र को 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद देवेंद्र यादव ने कहा कि संविधान और कानून पर भरोसा है। कोर्ट से जरूर न्याय मिलेगा। वहीं प्रेमप्रकाश पाण्डेय की याचिका पर कहा कि मैं जेल में हूं, बहुत सी जानकारी नहीं मिल पाती, मेरे वकील केस देख रहें हैं। मुझे संविधान पर भरोसा है, न्याय मिलेगा।

### भारत ने बंगलादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त को किया तलब




**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बंगलादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मोहम्मद नूरुल इस्लाम को तलब किया और उन्हें भारत बंगलादेश सीमा पर बाड़ लगाने के संबंध में उपजे विवाद पर भारतीय उच्चायुक्त प्रणव वर्मा को ढाका में तलब किये का विरोध किया और स्पष्ट किया कि भारत ने इस बारे में सभी कदम द्विपक्षीय समझौतों एवं प्रोटोकॉल का पालन किया है। विदेश मंत्रालय के शाम को यहां जारी एक बयान में कहा गया कि भारत में बंगलादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त , मोहम्मद नूरुल इस्लाम को विदेश मंत्रालय ने 13 जनवरी को दोपहर दो बजे साउथ ब्लॉक में बुलाया था।

### मोदी राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा पूरा करेंगे , उमर ने जताया विश्वास



**श्रीनगर/सोनमर्ग।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रशासित प्रदेश के राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने वादे का सम्मान करेंगे, जैसे उन्होंने क्षेत्र में विधानसभा चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को पूरा किया है। प्रधानमंत्री के मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के बाद सोनमर्ग में रैली को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने 'दिल्ली से दूरी' और 'दिलों से दूरी' दोनों को कम करने के लिए मोदी की पूर्व में व्यक्त प्रतिबद्धता पर विचार किया।

### शेयर बाजार में हाहाकार में निवेशकों के डूबे 12.62 लाख करोड़

**मुंबई।** अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े से फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में शीघ्र कटौती की उम्मीद धूमिल पड़ने से वैश्विक स्तर पर हुयी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों द्वारा स्थानीय स्तर पर की गयी चौतरफा भारी बिकवाली से शेयर बाजार के सात महीने के निचले स्तर पर लुढ़कने से निवेशकों के 12.62 लाख करोड़ रुपये डूब गये।

# आस्था का सैलाब, डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी पवित्र डुबकी

## सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व, हर-हर गंगे के जयकारे से गूंज उठा पूरा देश





पायनियर संवाददाता ◄ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। इस अवसर पर डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पतित पाविनी गंगा, श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर अमृत स्नान किया। इसके साथ ही महाकुम्भ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरुआत हो गई है। पद्म पुराण और महाभारत के अनुसार संगम तट पर माघ मास में कल्पवास करने से सौ वर्षों तक तपस्या करने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। विधि-विधान के अनुसार लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम तट पर केला,तुलसी और जौं रोपकर एक महा व्रत और संयम का पालन करते हुए कल्पवास की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया मानवता के मंगलपर्व 'महाकुम्भ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन,पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद। पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें। संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में महाकुंभ में उमड़ते जनसैलाब के विहंगम दृश्य के साक्षी अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों से आये विदेशी श्रद्धालु भी बने। मेला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शाम चार बजे तक एक करोड़ 60 लाख लोग संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके थे। स्नान करने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहने का अनुमान है। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर सतर्क निगाहों के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते दिखे। इस दौरान देश दुनिया के कोने कोने से आये श्रद्धालुओं के प्रति उनका विनम्र व्यवहार आकर्षण का केंद्र बना। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए। आस्था के महासंगम में चहुंओर सारा दिन हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे। साधु संतों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति रस से ओतप्रोत बना रहा। गरीब अमीर, जाति धर्म से परे आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बन कर दुनिया भर में अपनी आभा फैला रहा था। महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। इसका आयोजन हर 12 सालों के बाद किया जाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आधी रात से ही श्रद्धालु और कल्पवासी संगम तट पर जुटने लगे थे। हर-हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने भी पावन स्नान किया। वैदिक पंचांग के अनुसार प्रथम स्नान स्नान के लिए सुबह 5.27 से लेकर सुबह 6.21 तक का सबसे शुभ माना गया है। लेकिन श्रद्धालु आधी रात के बाद से आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए पहुंचने लगे। आस्था का ऐसा आलम था कि सिर पर गठरी का वजन भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सका। संगम नोज, एरावत घाट और वीआईपी घाट समेत समस्त घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु स्नान करते नजर आए।

## दिल्ली सरकार ने कैग की रिपोर्ट पेश करने में किया है टालमटोल : हाईकोर्ट की टिप्पणी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि वह अपने कामकाज के बारे में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के रिपोर्टों को विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत करने में 'टालमटोल कर रही है,' जिससे उसकी वास्तविक मंशा पर शक होता है। न्यायाधीश सचिन दत्ता ने दिल्ली विधानसभा में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायकों द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, आप जिस तरह टालमटोल कर रही है उससे उसकी वास्तविकता को लेकर शक होता है आपको कैग रिपोर्टों को तुरंत विधानसभा अध्यक्ष को प्रेषित करना चाहिये था ताकि उस पर सदन में बहस करायी जा सके। अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को करेगी। दिल्ली सरकार की ओर से कहा गया कि यह याचिका राजनीतिक उद्देश्य प्रेरित है। अदालत ने कहा कि इन रिपोर्टों को उपराज्यपाल को भेजने और फिर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष को प्रेषित करने की तिथियों और उनमें लगने वाले समय को देखा जाये तो उससे सारी चीजें स्पष्ट लगती हैं। अदालत ने कहा, देखिये आपने कुछ समय तक किस तरह टाल-मटोल की यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अदालत ने टिप्पणी की कि यह टाल-मटोल कैग की रिपोर्ट पर बहस करने से बचने के लिए थी। भाजपा के विधायक विजयेन्द्र गुप्ता, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल कुमार वाजपेयी और जितेन्द्र महाजन ने अदालत में याचिका दायर किया कि कैग की रिपोर्ट को सदन पटल पर रखने के लिए दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित करने के लिए अध्यक्ष को निर्देश दिया जाये। दिल्ली सरकार के अधिवक्ता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह याचिका राजनीतिक से प्रेरित है और उन्होंने यह भी कहा कि उपराज्यपाल के कार्यालय में रिपोर्टों को सार्वजनिक किया गया है।

## चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील, सैनिकों की तैनाती में कमी नहीं : जनरल द्विवेदी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में अभी कमी नहीं की जायेगी। सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति के संबंध में पूछे गये सवालों तथा इस संबंध में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के अंत में दोनों देशों के बीच बनी सहमति के बाद कई मुद्दों का समाधान हुआ है। दोनों सेनाओं के सैनिकों की गश्त तथा चरवाहों की गतिविधि से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां पर सेना की तैनाती के मामले में भी संतुलन बनाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी सक्षम है।

## जहां कभी गोलियों की गूंज थी, वहां अब सुनाई देता है विकास का शंखनाद : मुख्यमंत्री साय



पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

माओवादी खून खराबे और आतंक के पक्षधर हैं, हम विकास और सद्भाव के लिए काम कर रहे हैं। अब बस्तर की तस्वीर तेजी से बदल रही है। जहां कभी गोलियों की गूंज थी, वहां अब विकास का शंखनाद सुनाई देता है। जहां कभी बेकारी और लाचारी थी, वहीं इस जिले के ग्रामीण युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। हम माओवाद को जड़ से खत्म करके ही दम लेंगे। हमारे शहीद जवानों की शहादत बेकार नहीं जाने देंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल बचेली में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए हम विजन 2047 छत्तीसगढ़ के अंतर्गत विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल, बड़े बचेली में हमने 160 करोड़ रूपये के 501 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया है। इनमें 49 करोड़ रूपये के 367 कार्यों का लोकार्पण और 112 करोड़ रूपये के 134 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। साथ ही इस मौके पर हमने 114 करोड़ रूपये के हितग्राही मूलक कार्यों का चेक और सामग्री का वितरण भी कर रहे हैं। जिन बड़े विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ है, उनमें गीदम ब्लाक के छिन्दनार से बड़ेकरका मार्ग पर 33 करोड़ रूपये का पुल, जिले के सभी विकासखंडों में एक करोड़ रूपये से बने पुल-पुलिया, गीदम, कुआकोंडा, कटेकल्याण मार्ग का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण शामिल है। इसके अलावा मोर मकान-मोर आवास के अंतर्गत सवा सात करोड़ रूपये की लागत से 321 हितग्राहियों के लिए बने पक्के मकानों की चाबी भी हमने सौंपी है।

## ओडिशा आयुष्मान भारत योजना लागू करने वाला 34 वां राज्य बना

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने ओडिशा को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम और रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संसदीय कार्य और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. मुकेश महालिंग भी मौजूद रहे। इस समझौते पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलएस चांगसन और ओडिशा के स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त-सह-सचिव अश्वथी एस ने हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद ओडिशा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने वाला 34वां राज्य बन गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को ओडिशा में मौजूदा गोपबंधु जन आरोग्य योजना के साथ मिलकर लागू किया जाएगा। यह प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का बीमा प्रदान करेगा।

### मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राज्य में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये उनका और चुनाव आयोग का आभार जताया

## पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर को भारत का बताया ताज, लोगों को वायदे पूरा करने का दिया भरोसा

पायनियर संवाददाता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर को भारत का ताज बताते हुये, क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिया कि उन्होंने जो वायदे किये हैं, उन्हें निभाया जायेगा और राज्य के विकास के लिये हर काम समय से पूरा किया जायेगा। मोदी सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा, आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का समय होता है, सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। इस मौके पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विकास मंत्री नितिन गडकरी, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह, केन्द्र शासित प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने कहा, कश्मीर तो देश का मुकुट है, भारत का ताज है। इसलिये, मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर हो, और समृद्ध हो। मुझे ये देखकर खुशी होती है कि इस काम में मुझे यहां के नौजवानों, बुजुर्गों, बेटे-बेटियों का लगातार साथ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर के लिये एक बड़ी सौगात बताते हुये कहा, आज मैं एक बड़ी सौगात लेकर आपके एक सेवक के रूप में आपके बीच आया हूं। कुछ दिन पहले मुझे जम्मू में आपके अपने रेल डिवीजन का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। यह आपकी बहुत पुरानी मांग थी। मुझे सोनमर्ग सुरंग देश को और आपको सौंपने का मौका मिला है, यानी जम्मू-कश्मीर की, लद्दाख की एक और बहुत पुरानी मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि सोनमर्ग सुरंग का वास्तविक निर्माण कार्य, उनकी सरकार ने 2015 में शुरू किया था और मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। प्रधानमंत्री का सभा में स्वागत करते हुये, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राज्य में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये उनका और चुनाव आयोग का आभार जताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वायदा भी जल्द पूरा करेंगे। मोदी ने कहा कि इस टनल से सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की कनेक्टिविटी भी बनी रहेगी और इससे सोनमर्ग सहित पूरे इलाके में पर्यटन उद्योग को नये पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में रेल और सड़क सुविधाओं का और विस्तार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, अब तो कश्मीर वादी रेल से भी जुड़ने वाली है।

## रोड शो के बावजूद आतिशी ने नहीं किया नामांकन दाखिल

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी की नेता एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नामांकन से पहले लंबा रोड शो किया लेकिन नामांकन नहीं दाखिल कर सकी। आतिशी ने नामांकन से लंबा रोड शो किया लेकिन तीन बजे उन्हें चुनाव आयोग पहुंचना था इसलिए नामांकन नहीं कर सकी। इससे पहले उन्होंने आप नेता मनीष सिसोदिया के साथ गिरि नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु गोविंद साहिब में मत्था टेका और कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपने अभियान के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने नामांकन से पहले लंबा रोड शो निकाला जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अपना नामांकन दाखिल करने से पहले मैं कालकाजी मंदिर में मां काली का आशीर्वाद लेने आयी हूं। मेरा मानना है कि मां कालका का आशीर्वाद हमेशा मुझ पर, आम आदमी पार्टी पर और कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के लोगों पर बना रहेगा। गौरतलब है कि कालकाजी विधानसभा से भाजपा ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस ने पार्टी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा को मैदान में उतार है।



# राजस्थान को पर्यटन में नम्बर वन बनाने के लिये पर्यटकों को मिले अदभुत अनुभवः दिया कुमारी

एजेंसी ◁ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि दूर-दराज के निर्जन क्षेत्रों को भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच का अनुकरण किया जाये। दिया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर में होटल द ललित में पर्यटन विभाग फिक्की और द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में पर्यटन संचालक, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिये आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि पर्यटक स्थलों पर ट्रैफिक की समस्या के समाधान सहित राजस्थान को पर्यटन में नंबर एक बनाने लिये बेहतरीन सुविधायें विकसित करने पर जोर देते हुये कहा कि राजस्थान में आने वाले पर्यटकों को अनोखे और अद्भुत अनुभव दिलाने की दिशा में काम किया जाये। हम विश्व स्तरीय सेवाओं और सुविधाओं से ही राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी बना सकते हैं। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास के लिये प्रधानमंत्री विशेष रुचि रखते हैं। इसी के कारण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टूर ऑपरेटर, होमस्टे मालिक, होटल और पर्यटक गाइड और चालकों और पर्यटन से जुड़े अन्य लोगों को बेहतर प्रशिक्षण से उनकी क्षमता संवर्धन के लिए राइजिंग राजस्थान पूर्व सम्मेलन (पर्यटन) में मंच से ही निर्देश दिये थे, जिस पर डॉ ज्योत्सना सूरी, पूर्व अध्यक्ष, फिक्की और सीएमडी, द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी समूह ने ऐसा करने की सहमति दी थी। जिसकी अनुपालना में यह क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने इस के लिये मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में इन्हीं विषयों पर चर्चा करके सुझाव दिये जायेंगे। साथ ही सभी सहभागियों से सुझाव आमंत्रित हैं, जिसके आधार पर एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर हम सभी राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र का सिरमौर बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं जो राजस्थान के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुये शासन सचिव पर्यटन रवि जैन ने कहा कि हमें राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिये पर्यटन क्षेत्र में मूल्य संवर्धन करने होंगे। उन्होंने कहा कि उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी के दिशा-निर्देशन में राज्य में नये पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है साथ ही राजस्थान पर्यटन के प्रचार के लिये तेज गति से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला निश्चित रूप से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों के लिए लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर फिक्की की पूर्व अध्यक्ष ज्योत्सना सूरी ने अपने स्वागत उद्बोधन में दिया कुमारी का कार्यशाला में शिरकत करने के लिये आभार जताया। उन्होंने कार्यशाला में सहभागियों से कहा, हमें इस कार्यशाला के महत्व को समझकर उसे धरातल पर लागू करना होगा। हमें पर्यटकों की अपेक्षाओं को समझकर उसके अनुसार पर्यटन का आधुनिक और सम्पूर्ण सुविधा सम्पन्न वातावरण तैयार करना होगा। इस कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे डिजिटल मंचों, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) नेटवर्क का लाभ उठाया जा सके, यह सारी जानकारी हमें इस कार्यशाला से मिलेगी।

# मुख्य स्नान पर्व के एक दिन पहले–बाद में बस में कर सकेंगे नि:शुल्क यात्रा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम 350 शटल बसों में मुख्य स्नान पर्वो और इसके एक दिन पहले व बाद में निशुल्क यात्रा करायेगा। महाकुम्भ में यह यात्रा 18 दिन होगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर परिवहन निगम श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा का लाभ देने जा रहा है। महाकुम्भ-2025 के दौरान मेला क्षेत्र में परिवहन निगम द्वारा 350 शटल बसों के संचालन की तैयारी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ-2025 में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक कुल 06 मुख्य स्नान निर्धारित हैं। क्रमशः 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। इन तिथियों को पड़ने वाले मुख्य स्नान, मुख्य स्नान के एक दिन पूर्व व एक दिन बाद तक मुफ्त यात्रा का लाभ प्राप्त होगा। इस प्रकार कुल 18 दिन तक मुफ्त यात्रा का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। शटल बसें विभिन्न पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक निःशुल्क यात्रा करायेगी। अपर प्रबंध निदेशक श्रीराम सिंह वर्मा ने पत्र जारी कर सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि शटल बसों में मुख्य स्नान एवं उसके एक दिन पूर्व व पश्चात यात्रियों को जीरो मूल्य टिकट जारी किया जायेगा।

# अजनाला शुगर मिल का विस्तार किया जायेगाः मंत्री धालीवाल

एजेंसी ◁ अमृतसर
www.dailypioneer.com



पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने अजनाला शुगर मिल का दौरा किया और गन्ना खरीद तथा चालू गन्ना सीजन में किसानों को आ रही मुश्किलों का जायजा लिया। धालीवाल ने कहा कि भविष्य में इस मिल की क्षमता बढ़ाई जायेगी तथा मशीनरी को उन्नत किया जायेगा ताकि किसानों को गन्ना आपूर्ति में कोई परेशानी न हो तथा इस क्षेत्र में गन्ने की खेती जारी रहे। उन्होंने कहा कि इससे पहले बटाला और गुरदासपुर में चीनी मिलों की क्षमता बढ़ायी गयी है। उन्होंने कहा कि किसानों से वार्ता हुई, किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, गन्ना पेराई चल रही है और भुगतान भी हो रहा है। धालीवाल ने किसानों को आश्वासन दिया कि वे इसी प्रकार सहकारिता को अपना समर्थन देते रहें तथा सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होकर उनकी फसलों व उत्पादों को सहकारिता के आधार पर खरीदेगी। उन्होंने धरना-प्रदर्शन में लोहड़ी और अन्य त्योहार मना रहे किसानों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुये कहा कि केंद्र सरकार के अड़ियल रवैये के कारण किसानों को ये दिन देखने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र ने अभी तक किसानों की मांगें स्वीकार नहीं की हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि सरकार का खजाना जो किसानों और देश के अन्नदाताओं के लिये खुला होना चाहिये था, वह अब अंबानी और अडानी के लिये खुल गया है, जिसके कारण किसान की हालत लगातार खराब होती जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मोदी किसानों से बातचीत कर उनकी मानी गयी मांगों को तुरंत लागू करें।

# प्रयागराज में निषाद समाज के लोगों की आजीविका छीनना दुर्भायपूर्णः अजय राय

एजेंसी ◁ लखनऊ
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि प्रयागराज में भी निषाद समाज के हाथों से रोजगार छीनकर गुजराती लोगों को स्टीमर, नाव समेत तमाम काम दे दिया गया है जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी के प्रदेश दफ्तर में संगठन सृजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राय ने बनारस में मल्लाह और निषाद समाज के लोग जो गंगा के सहारे अपना घर परिवार चलाया करते थे उन्हें भाजपा की योगी सरकार द्वारा हटाया गया और अब महाकुंभ प्रयागराज में भी इन लोगों के हाथों से रोजगार छीनकर गुजराती लोगों को स्टीमर, नाव समेत तमाम काम दे दिया गया है जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से निषाद और मल्लाह समाज के साथ खड़ी है। उन्होने कहा कि कांग्रेस सेवा दल हमेशा से ही कुंभ में कैंप लगाकर चाय, मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज के आयोजन के साथ-साथ चिकित्सा संबंधी व्यवस्था उपलब्ध कराकर लोगों की मदद भी करता रहा है और इस बार भी करा रहा है। राय ने कहा हम लोग अलग-अलग अथवा समूह में या फिर परिवारों के साथ भी कुंभ में स्नान करने जाएंगे। कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ''अतीत की नींव पर भविष्य का निर्माण'' करना है। हमारे संगठन सृजन कार्यक्रम के दो चरण सम्पन्न हो गए हैं। पहले चरण में प्रदेश के 6 जोन में राष्ट्रीय सचिव प्रभारी एवं सहप्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिवों ने अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर इस पर गहन चर्चा की तथा उनके सुझाव एवं आवेदन प्राप्त किये। उन्होने बताया कि संगठन का नवनिर्माण प्रियंका गांधी के बनाये गये रास्ते पर किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन को सशक्त करने के लिए 5 स्तरीय संगठन का गठन किया जाएगा जिसमें प्रदेश कमेटी, जिला/शहर अध्यक्ष, ब्लाक, मंडल (न्याय पंचायत), बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन किया जायेगा। उक्त कार्य में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया विभाग भी अपना सहयोग प्रदान करेगा।

# अवध ओझा को वोट हस्तानांतरित करने की मिली अनुमतिः केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा



कि पार्टी के पटपड़गंज से उम्मीदवार अवध ओझा के वोट को स्थानांतरित करने की अनुमति मिल गई है और अब वह अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। केजरीवाल ने चुनाव आयोग से मुलाकात करने के बाद कहा कि उनकी पार्टी की मांग स्वीकार कर ली गयी है और अब अवध ओझा अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में रहने वाले वरिष्ठ भाजपा नेताओं के पते पर मतदाता पंजीकरण के लिए कई आवेदनों का मुद्दा भी उठाया। इस पर आयोग ने आश्वासन दिया है कि किसी भी हालत में एक भी गलत वोट बनने नहीं दिया जाएगा। उल्लेखनीय है इससे पहले भी केजरीवाल ने नयी दिल्ली विधानसभा में फर्जी वोट बनाने का मामला आयोग के समक्ष उठाया था।

# गणतंत्र दिवसः सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

एजेंसी ◁ फगवाड़ा
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर पंजाब पुलिस ने 27 जनवरी तक राज्य के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। जारी एक आधिकारिक बयान में पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव द्वारा जारी आदेशों के हवाले से कहा गया, इस अवधि के दौरान जीओएस, एनजीओ और ईपीओएस को कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के कारण पूर्व में स्वीकृत सभी प्रकार की छुट्टियां तत्काल रद्द कर दी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कपूरथला गौरव तूरा ने यहां बताया कि इस अवधि के दौरान पुलिस 'हाई अलर्ट' पर रहेगी। इस बीच, जिले को अपराध मुक्त बनाने के प्रयास में, जिला पुलिस ने घेराबंदी और तलाशी अभियान (कासो) शुरू कर दिया है, जिसमें विभाग के शीर्ष अधिकारी खुद नेतृत्व करेंगे और स्नैचरों, लुटेरों, चोरों और ड्रग तस्करों के खिलाफ जमीनी स्तर पर तलाशी अभियान चलाएंगे। फगवाड़ा में पुलिस अधीक्षक (एसपी) रूपिंदर कौर भट्टी ने बताया कि सतनामपुरा पुलिस की एक टीम ने तड़के लॉ गेट और उसके आसपास राष्ट्र विरोधी और असामाजिक तत्वों की जांच के लिए तलाशी अभियान चलाया।

# सिगड़ी जलाकर सो रहे परिवार के तीन लोगों की मौत

**अलवर।** राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के फूलबाग थाना क्षेत्र में सिगड़ी जलाकर सो रहे एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई



है। फूलबाग थाने के सहायक उपनिरीक्षक नरेश ने रविवार को बताया कि मूल रूप से बिहार के रहने वाले 50 वर्षीय धनंजय अपने बेटे अंकित के साथ नगलिया की मनीष कॉलोनी में रहता था। शनिवार की रात में वह अपने बेटे अंकित और उसके दोस्त पड़ोस के एक लड़के को लेकर सो गया। ज्यादा सर्दी होने के कारण कमरे में सिगड़ी जलाई और तीनों सो गए। उन्होंने बताया कि रात के समय सुलगती सिगड़ी से गैस बनी और तीनों बेहोश हो गए। बेहोशी की हालत में ही देर रात तीनों की दम घुटने से मौत हो गई। जब पड़ोसियों ने आकर देखा तो मकान बंद मिला। पड़ोसियों को शक हुआ तो मकान का दरवाजा तोड़ा गया। अंदर जाकर लोगों ने देखा तो तीनों ही मृत पाए गए। तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचा दिये गये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लावारिश हालात में मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले सड़क पर लावारिश बेहोशी की हालत में पड़े मिले पंचकूला हरियाणा निवासी एक व्यक्ति की आरबीएम अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होने की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार चांदपोल गेट के पास 10 जनवरी को सुबह करीब नौ बजे थाना कोतवाली के सहायक उपनिरीक्षक विजयपाल द्वारा उक्त व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम सलीम खान निवासी पंचकूला पुराना हरियाणा का रहने वाला बताया था। मृतक की उम्र करीब 35-.36 साल है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि लावारिस मृतक के सम्बंध में किसी भी तरह की जानकारी होने पर कोतवाली थानाधिकारी पर जानकारी दी जा सकती है।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति हत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के थानागाजी थाना अंतर्गत गत नौ जनवरी को मिले एक व्यक्ति के शव का पदार्फाश करते हुये मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नौ जनवरी को नदी किनारे सुबह सात बजे एक अज्ञात व्यक्ति का गर्दन कटा शव मिला था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे को खंगाले गये पुलिस ने एक्सपर्ट टीम का सहारा




लिया गया। इसके बाद मृतक की शिनाख्त रामपाल मीणा निवासी महुआ कला थाना मालाखेड़ा के रूप में हुई। पुलिस को संदेह के आधार पर मृतक की पत्नी छोटी को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में पत्नी ने अपना जुर्म कबूल करते हुये बताया कि उसका पति ड्राइवर है, जो शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। वह मजदूरी करती थी, उसी दौरान वह सुभाष से प्यार करने लगी। इसका पता पति को लग गया, इसके बाद उसका प्रेमी के साथ रहने में बाधा बन रहा था, लंबे समय से वह उसको मारना चाहती थी।

# 'सुरजीत पातर मेमोरियल फंक्शन–2025' का आयोजन होगा

एजेंसी ◁ अमृतसर
www.dailypioneer.com

केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती सम्मेलन केंद्र में कल 'सुरजीत पातर मेमोरियल फंक्शन-2025' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मंगलवार को विश्वविद्यालय की ओर से पंजाब कला परिषद और भाषा विभाग, पंजाब, पटियाला के सहयोग से किया जाएगा। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथियों में स्वर्णजीत सावी (अध्यक्ष, कला परिषद), जसवंत जफर (निदेशक, भाषा विभाग, पंजाब, पटियाला), डॉ मनमोहन (प्रसिद्ध कवि), अश्वनी चटले, डॉ आत्म रंधावा तथा भूपिंदर कौर शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत, बिक्रमजीत सिंह रबाबी द्वारा रबाब वादन से होगी। सुरजीत पातर स्मृति व्याख्यान में प्रख्यात विचारक एवं लेखक अमरजीत सिंह ग्रेवाल तथा कला परिषद के उपाध्यक्ष सुप्रसिद्ध आलोचक डॉ योगराज सुरजीत पातर के व्यक्तित्व एवं रचनाओं पर भाषण देंगे।

# जैसलमेर में सात डेमोसाइल क्रेन की हुई मौत, बर्ड फ्लू के लक्षण मिले

एजेंसी ◁ जैसलमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में जैसलमेर के देगरॉय ओरण के पास लुनेरी तालाब के पास छह डेमोसाइल क्रेन (कुरजा) के शव मिलने एवं दो गंभीर बीमार मिलने की घटना के बाद एक और डेमोसाइल क्रेन की उपचार के दौरान मौत हो गयी, इसको मिलाकर अब तक कुल सात डेमोसाइल क्रेन की मौत हो चुकी है। वन विभाग के उप वन संरक्षक आशुतोष ओझा ने बताया कि छह डेमोसाइल क्रेन के शव और दो बीमार मिले थे, बीमार दो डेमोसाईल क्रेन में से एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया इसको मिलाकर अब तक कुल सात डेमोसाइल क्रेन बर्ड्स की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि गहन जांच पड़ताल में मृत डेमोसाइल में बर्ड फ्लू बीमारी के लक्षण मिले हैं, इसको देखते हुये इनका पोस्टमार्टम नहीं करवाया गया है। आगे गहन जांच पड़ताल के लिये इनमे दो बर्ड्स के शव निशाद सेंटर भोपाल




भिजवाये गये है। ओझा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुये वन विभाग द्वारा एहतियात के तौर पर कई सुरक्षा उपाय किये गये हैं, क्योंकि बर्ड फ्लू से प्रथम सूची के वन्य जीव प्राणी गोडावण और अन्य प्रवासी पक्षियों को भी खतरा हो सकता हैं। इसके मद्देनजर वनविभाग द्वारा जिले के सभी जल निकाय क्षेत्र में सर्वे करवाया जा रहा हैं। ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा हैं। उनके क्षेत्र में कहीं भी पक्षी मरे हुये दिखाई दें, तो इसकी सूचना तुरन्त वनविभाग के नजदीकी कर्मचारी या पशुपालन विभाग के दल को देने को कहा गया है। इसके अलावा जहां पर मृत सात डेमोसाइल क्रेन के शव मिले थे, वहां पर एहतियात बरतते हुए आमजन की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। वन विभाग के दल लगातार गश्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मरु नेशनल पार्क एवं अन्य क्षेत्रों में गोडावण संरक्षण के कार्य चल रहे हैं। गोडावण प्रजनन के लिये बनाये गये हैचरी केंद्र में भी सावधानी बरती जा रही है। पूरी सतर्कता बरती जा रही है। किसी प्रकार की बीमारी न फैले एवं किसी प्रकार का खतरा न हो उसके लिये भी आवश्यक कदम उठाये गये हैं।

# सोनभद्र के 621 ग्राम प्रधानों को ऑनलाइन प्रशिक्षण

**सोनभद्र।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिले के सभी 621 ग्राम प्रधानों का चार बिन्दुओं पर दो बैचों में ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा ग्राम प्रधानों को उप्र पंचायती राज अधिनियम 1947 धारा 15 के अनुसार पंचायतों के कार्य, उप्र पंचायती राज अधिनियम धारा 95 (1)(छ) के क्रम में ग्राम प्रधानों को पद से हटाया जाना, ग्राम पंचायतों में निर्वाचित प्रधानों द्वारा स्वयं की आईटीआर फाईल करना, महिला ग्राम प्रधानों के दायित्व एवं अधिकार इत्यादि सम्बन्धित विषयों पर जानकारी प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी ग्राम पंचायत पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत में पारदर्शिता के आधार पर कार्य करें तथा ग्राम प्रधानों को पद से हटाए जाने का भी उल्लेख पंचायत राज अधिनियम के धार की तरफ किया जाता है अगर ग्राम पंचायतें पंचायत राज एक्ट के अनुसार कार्य नहीं कर रही हैं तो उन पर कार्रवाई की जा सकती है साथ ही समस्त ग्राम प्रधानों को अपना आइटीआर भी फाइल करने की भी जानकारी दी गई। जो महिला ग्राम प्रधान है उनके दायित्व एवं अधिकार के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# मिल्कीपुर जीतना लोकतंत्र के लिये बहुत जरुरीः अखिलेश

एजेंसी ◁ लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये जी जान से जुटने का आवाहन करते हुये कहा कि लोकतंत्र के लिये मिल्कीपुर उपचुनाव जीतना बहुत जरुरी है। पार्टी के राज्य मुख्यालय में फैजाबाद, अयोध्या और मिल्कीपुर के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव में हमें जरूर जीतना है। लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है। उपचुनाव में सत्तादल भाजपा को अब मनमानी नहीं करने दी जाएगी। उन्होने कहा कि अयोध्या की हार को भाजपा पचा नहीं पा रही है। अपनी हार का बदला लेने के लिए भाजपा अनैतिक हथकंडे अपना रही है। मतदाताओं को धमकाकर और प्रशासन तंत्र के दुरुपयोग से उपचुनाव में सात सीटों पर भाजपा ने अपनी जीत दर्ज कराई थी। भाजपा की चालों को सभी समझ गए हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अब भाजपाई साजिशों का वाजिब जवाब देंगे। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास अवरूद्ध है। स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हैं। शिक्षा व्यवस्था चौपट है। गरीब को नकली दवाएं दी जा रही हैं। अस्पतालों में इलाज नहीं मिल रहा है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। पीडीए समाज के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजा जा रहा है। हिरासत में मौतें हो रही है। फर्जी एनकाउण्टर हो रहे हैं। महिलाओं-बच्चियों को रोज ही अपमानित-प्रताड़ित होना पड़ता है। थाना, तहसील हर स्तर पर भ्रष्टाचार है। उन्होने कहा कि किसान सबसे ज्यादा बदहाल है। फसल का लागत मूल्य भी उसे नहीं मिल रहा है। एमएसपी की अनिवार्यता के लिए किसान आंदोलित है पर भाजपा सरकार में उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

किसान की आय दुगनी करने का वादा वादा ही रह गया है। किसान खाद, बीज, कीटनाशक के लिए दर-दर भटक रहे हैं। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही। बेरोजगारी और कर्ज से परेशान नौजवान और किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे है। न नए उद्योग लग रहे है और नहीं बाहर से पूंजीनिवेश आ रहा है। प्रदेश की प्रगति के झूठे आंकड़े दिखाए जा रहे हैं। यादव ने कहा कि पीडीए के माध्यम से ही सबके साथ न्याय होगा। सामाजिक न्याय तभी मिल सकेगा। जातीय जनगणना की मांग इसीलिए की जा रही है ताकि समानुपातिक आधार पर सबको हक और सम्मान मिल सके। भाजपा सरकार से बुरी तरह त्रस्त जनता अब और इंतजार नहीं करने वाली है। सन् 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा की तानाशाही सरकार को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्पित है। बैठक में माता प्रसाद पाण्डेय नेता विरोधी दल विधानसभा अवधेश प्रसाद सांसद, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, त्रिभुवन दत्त विधायक, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व विधायक पवन पाण्डेय, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, आनन्द सेन, अब्बास अली, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव आदि उपस्थिति रहे।

# बेसिक शिक्षा परिषद ने फर्जी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ◁ देवरिया
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की रिपोर्ट शासन स्तर से निर्धारित प्रारूप पर मांगी गई है जिसको बेसिक शिक्षा विभाग तैयार करने में जुट गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार शासन स्तर से मांगी गई रिपोर्ट पर विभाग संज्ञान लेकर निर्धारित प्रारूप पर मंडल, जनपद, फर्जी शिक्षकों तथा सेवा समाप्ति और रिकवरी की संख्या जिला स्तर से देने की तैयारी की जा रही है। फर्जी शिक्षक भर्ती प्रकरण को लेकर देवरिया जिला पहले ही चर्चित रहा है। पिछले 15 सालों में जो बेसिक शिक्षा अधिकारी यहां तैनात रहे, उनके कार्यकाल के दौरान हुई शिक्षक भर्ती पदों पर हुई नियुक्तियों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। जब से मामले की जांच एसटीएफ कर रही है और मानव संपदा पोर्टल के अस्तित्व में आने पर कई शिक्षकों के एक ही रिकार्ड मिलने पर इस मामले में हुई अनियमितता की पोल भी खुली। सूत्रों के अनुसार पिछले पांच वर्षों के अंदर जिले में 75 से अधिक शिक्षकों को सेवा से बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका है। वहीं जिन शिक्षकों के खिलाफ शिकायत हुई है या एसटीएफ ने उनके शैक्षिक रिकार्ड मांगे हैं, उन पर भी कार्यवाही की तलवार लटक रही है। इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र अनुसार परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत अनियमित, नियम विरुद्ध, फर्जी रुप से नियुक्त परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाओं पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा मांगा गया है। यह रिपोर्ट निर्धारित प्रारुप के तहत मंडल का नाम, जनपद का नाम, फर्जी नियम विरुद्ध परिषदीय शिक्षकों की संख्या, सेवा समाप्त शिक्षकों की संख्या, एफआईआर कराए गए प्रकरणों की संख्या, रिकवरी प्राप्त प्रकरणों की संख्या, अभियोग की सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# रामकृष्ण मिशन आश्रम युवाओं में शिक्षा के साथ संस्कृति सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही : अरूण साव

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव और वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद कर रही है। युवाओं को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण मिशन आश्रम संचालित की जा रही है, जिसमें नारायणपुर जिले के युवाओं को शिक्षा के साथ साथ सांस्कृति, सामाजिक उत्थान के लिए कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 में हुआ था। स्वामी विवेकानंद ने कुशाग्रबुद्धि के साथ समाज को अच्छी सभ्यता का विकास करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने भारत की सांस्कृति, मान सम्मान के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 09 सितम्बर 1893 में शिकागो के धर्म सभा में जो उपदेश दिये वह अस्मरणीय है। स्वामी विवेकानंद के आश्रमों में विभिन्न प्रकार के गतिविधियां करते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य किये जा रहे हैं जो प्रासांगिक एवं ऐतिहासिक है। बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर और कलात्मक दृष्टि से प्रशिक्षण दिये जा रहे है, जिससे उनके जीवन में समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि जो बच्चें थोड़ी सी असफलता के कारण निराश होकर दूसरे रास्ते में चले जाते हैं वे हमेशा असफल होते हैं। मनुष्य को कभी निराश होने की आवश्कता नहीं है, उन्हें उर्जावान, साहस और आत्म विश्वास और भयमुक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए, जिससें जीवन में सुखमय एवं समृद्धि प्राप्त होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन को अनुसरण कर अपने जीवन को विकसित और सफल बनाएं। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को आग्रह करते हुए कहा कि परिश्रम ही अच्छे जीवन को प्राप्त करने के लिए एक साथन है। स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय के बारे में जानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के द्वारा जीवन में दिये गये उपदेशों को अनुसरण कर जीवन में सफलता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य कुम्हार के चाक के अनुसार होते हैं। बचपन में बच्चों को जैसे आकृति देंगे उसी प्रकार उसी रास्ते में आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा और स्वतंत्रता सेनानियों का भी जिक्र करते हुए उनके बताए हुए मार्गो में चलकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए आग्रह किया। मनुष्य को देश और मातृभूमि के प्रति अपने दिल में एक सम्मान की भावना जागृत होनी चाहिए। राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद जी महाराज ने कहा कि आज पूरा देश युवाओं के साथ खड़ा है। आप सभी को मालूम है कि जिले में वर्ष 1984 में रामकृष्ण मिशन आश्रम की स्थापना हुई है। अबूझमाड़ के लोगों को बेहरत स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए इस आश्रम की स्थापना हुई थी।

# अन्न का दान मांगकर मनाया छेरछेरा पुन्नी का पर्व



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा' यही आवाज छेरछेरा पर्व पर सोमवार को ग्रामीण अंचलों में गूंजा। इस अवसर पर किसी के घर दान के रूप में धान तो कही नगद राशि बच्चों व युवाओं को बांटी गई। युवाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते हुए घर-घर जाकर धान मांगा। अन्ना दान का महापर्व छेरछेरा धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों की टोली ने घर -घर जाकर दान मांगा। बच्चों को प्रेम से धान, चावल, चाकलेट, फल व अन्य उपहार प्राप्त हुए। दिनभर छेरछेरा पर्व का उल्लास छाया रहा। देवी मंदिरों में भी लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेरछेरा पुन्नी 13 जनवरी को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। घर-घर जाकर बच्चों ने अन्ना का दान मांगा। बड़ों ने भी उत्साह और प्यार से बच्चों को चाकलेट, बिस्कुट, चावल, फल और रुपये उपहार स्वरूप दिए। सुबह से शाम तक बच्चों की टोली घरों-घर घूमती रही। मालूम हो कि लोक परंपरा के अनुसार पौष महीने की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष छेरछेरा का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन सुबह से ही बच्चे, युवक व युवतियां हाथ में टोकरी, बोरी आदि लेकर घर-घर छेरछेरा मांगते हैं। गांव में घर-घर धान का भंडार होता है, जिसके चलते लोग छेर छेरा मांगने वालों को दान करते हैं। भारतीय लोक संस्कृति में इस पर्व का बड़ा महत्व है। विदेशी संस्कृति में कई पर्व लोप होते जा रहे हैं। भारतीय संस्कृति के त्योहारों को सभी को मिलकर मनाना चाहिए। इससे प्रेम का संचार होता है। इस दिन का खास महत्व है। इस दिन किया गया दान महादान माना गया है। हमारे छत्तीसगढ़ का यह लोक पर्व है। यहां के पर्व लोक संस्कृति और व्यवहार से जुड़े हुए हैं। मालूम हो कि यह पर्व छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से मनाय जाता है।यहां पर ज्यादातर लोग कृषि पर ही निर्भर हैं। साल में दो बार फसल ली जाती है। पर्व के चलते इस दिन अधिकांश क्षेत्र में कार्य पूरी तरह से बंद रहता है। आमजन में यह धारणा व्याप्त है कि छेरछेरा पुन्नी पर बच्चों को दान देने से धन की शुद्धि होती है।

# खदान मजदूर संघ किरंदुल द्वारा एनएमडीसी कर्मचारियों के पुनरीक्षित वेतनमान के संदर्भ में मुख्यमंत्री को दिया गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



श्रमिक हित, उद्योग हित के साथ राष्ट्र हित सर्वोपरि के सूत्र वाक्य के सिद्धांतों पर चलते हुए कार्य करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध किरंदुल शाखा की खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के बचेली आगमन पर हैलीपेड में उनका हार्दिक स्वागत अभिनन्दन करते हुए एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित पुनरीक्षित वेतनमान के संदर्भ में केंद्रीय इस्पात मंत्री से परिचर्चा एवं पत्राचार कर आवश्यक आगामी कार्रवाई कराते हुए शीघ्र लागू कराने बाबत ज्ञापन सौंपा गया एवं चर्चा की। साथ ही साथ खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल की ओर से केंद्रीय इस्पात मंत्री भारत सरकार के नाम का ज्ञापन भी मुख्यमंत्री के माध्यम से आगामी कार्रवाई बाबत सौंपी गई, जिस पर सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, बसंत जांगड़े, दानेश्वर जोशी, नरेंद्र साहू, लिशांष सिंह, सुरेश ठाकुर, अजय कुमार, सूरमा दास, सुधा सहित यूनियन के पदाधिकारीं एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# नगर पालिका क्षेत्र में घर घर कचरा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के नेतृत्व एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद नारायणपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों द्वारा घर घर कचरा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था की गई है। यह पहल न केवल कचरे के सही निपटान को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

नगर पालिका नारायणपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कोर्राम ने बताया कि नारायणपुर के सभी 15 वार्डो में स्वच्छता दीदीयों द्वारा प्रतिदिन घर घर जाकर कचरा एकत्रित कर अपशिष्ठ प्रबंधन किया जा रहा है। स्वच्छता दीदीयों को इस कार्य हेतु आवश्यक संसाधन जैसे ई-रिक्शा, आटो टिप्पर, ट्रायसायकल प्रदान किया गया है, जिससे कचरा संग्रहण कार्य सूचारू रूप से चल रहा है। कचरा पृथक करण पर लोगो को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आवश्कता के बारे में समझाया जा रहा है। ताकि कचरे का सही तरिके से प्रबंधन किया जा सके। स्वच्छता दीदीयो के द्वारा घर-घर जाकर लोगो को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। और उन्हें कचरा सही समय पर बाहर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रिसाईकिलिंग और पुनः उपयोग से पर्यावरण की सुरक्षा की जा सकती है जिस बारे में नागरिको को सिखाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से नागरिको को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

स्वच्छता दीदीयो को इस पहल में शामिल कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किये गये, जिससे वो आत्मनिर्भर हो रहे है। स्वच्छता दीदीयो के द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण एवं जागरूकता अभियान ने नगरपालिका नारायणपुर में स्वच्छता की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव लाया है। नगरपालिका नारायणपुर का यह प्रयास स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिले में धूमधाम से मनाई गई शाकम्भरी जयंती कलश यात्रा संग निकाली गई शोभायात्रा




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मरार समाज की इष्ट देवी माता शाकम्भरी जयंती 13 जनवरी के अवसर पर कोंडागांव जिले मे सामाजिक जन निवासरत सभी ग्राम स्तर पर जयंती को मनाया गया। जिले के ग्राम बफना मे भी जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जहां पर माता बहनों ने सिर मे कलश लेकर कतारबद्ध माता के जयकारों के साथ शोभायात्रा मे नजर आये वहीं बफना भीरावंड के सभी सामाजिक जनों ने सम्पूर्ण परिवार के साथ एक जगह सम्मिलित होकर पूजा अर्चना किया और धूमधाम से जयंती को मनाया। समाज प्रमुखों ने माता की उत्पत्ति की विस्तारित कहानी सामाजिक जनों के बीच साझा किया। ज्ञात हो कि, मरार समाज बफना भीरावंड मे 6 वर्षो से जयंती को भव्यता के साथ मनाया जाता हैं। प्रतिवर्ष एक जगह एकत्रित होकर शोभायात्रा निकाल पूजा पाठ कर जिला स्तर या क्षेत्र स्तर आयोजित कार्यक्रम मे सम्मिलित होते हैं। पूजा के पश्चात खिचड़ी प्रसाद का भोग माता को लगाकर आरती पश्चात खिचड़ी प्रसाद मौजूद जनों के साथ सड़क मे आवाजाही करने वालों के बिच वितरण किया गया।

# डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी ने कन्या छात्रावास में कराया न्यौता भोज

**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का जमीनी स्तर पर व्यापक क्रियान्वयन कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर हो रहा है। न्यौता भोज के आयोजन के साथ ही कलेक्टर मिश्रा ने बच्चों के साथ समय बिताने, उनको सफलता अर्जित करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को स्वयं की मेहनत एवं अधिकारी के रूप में सफल व्यक्ति बनने के लिए अपने अनुभवों को साझा कर स्कूली बच्चों को कैरियर गाईडेंस के साथ ही कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने भविष्य निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिया गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के अधिकारियों द्वारा लगातार विभिन्न स्कूलों, आश्रमों में न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी ने मद्देड़ के कन्या छात्रावास के निरीक्षण के दौरान संस्था में न्यौता भोज का आयोजन कराया। डिप्टी कलेक्टर ने बच्चों से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं पढ़ाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुऐ अपने डिप्टी कलेक्टर बनने की कहानी को साझा कर बच्चों को कड़ी मेहनत और लगन से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्राओं को विधिक जानकारी दी गई

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में ग्राम सम्बलपुर जिला कोण्डागांव में आयोजित एन.एस.एस. कैम्प में उपस्थित छात्राओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर विधिक जानाकरी दी गई। जिसमें सुरेन्द्र भटट् ने मोटर यान अधिनियम के संबंध में कहा की सड़क पर सुरक्षित चलना और यातायात नियमों का पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जागरूकता ही दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। उपस्थित छात्रों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व गति सीमा, नशे में गाड़ी न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया और पॉक्सों एक्ट के संबंध में बताते हुए कहा की यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण और उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है, कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बाल शोषण की पहचान करने, उससे बचाव के उपायों एवं किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत रिपोर्टिंग करने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, उन्हें चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर हसीना खान एवं जरीना बानो ने उपस्थित छात्रों को साइबर क्राइम, बाल विवाह, नेशनल लोक अदालत, नालसा हेल्प लाईन नम्बर 15100, निःशुल्क अधिवक्ता एवं किशोर न्याय बोर्ड अह्धिनियम के संबंध में जानकारी दी गई।

## स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर रामकृष्ण मिशन आश्रम ने निकाली भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



सम्पूर्ण भारत विश्ववंद्य स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मोत्सव को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मना रहा है। राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। सर्वप्रथम रामकृष्ण मिशन आश्रम के मंदिर प्रांगण से स्वामी विवेकानन्द के चित्रपट की पूजा अर्चना कर स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति से सुसज्जित वाहन प्रातः 7.10 बजे आश्रम परिसर से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से नगर भ्रमण करते हुए पुनः आश्रम पहुँचा। रैली में लगभग 7,000 विद्यार्थी रंग बिरंगे झण्डे एवं स्वामी विवेकानन्द जी की वाणी लिखे हुए पोस्टर अपने हाथ में ऊँचा रखकर प्रभात फेरी की शोभा बढ़ा रहे थे। रैली का स्वागत एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्रपट की पूजा अर्चना नारायणपुर के गणमान्य नागकिरगणों एवं व्यापारियों द्वारा किया गया। स्वामी विवेकानन्द द्वारा राष्ट्र के नाम किये गये आह्वान का उद्घोष युवागण एवं विद्यार्थीगण अलग-अलग वाहनों से कर रहे थे। रैली में सम्मिलित लोगों को चाकलेट, केला, जलेबी एवं बिस्किट तथा बूंदी पैकेट आश्रम एवं नगरवासियों द्वारा वितरित किया गया। आश्रम प्रागंण में रैली के पश्चात विशाल मंच में व्याख्यान तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं लगभग 11,000 लोगों की भोजन की व्यवस्था की गई। रैली पूर्ण होने के पश्चात सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाने लगभग 10,000 विद्यार्थी, शिक्षक शिक्षिकायें एवं नागरिकगण आश्रम के स्टेडियम में पहुँचे। विशाल पंडाल में सभी लोगों के बैठने का पुख्ता इंतजाम किया गया था। सभा एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने मुख्य अतिथि के रूप में अरूण साव उप मुख्यमंत्री, अध्यक्ष के रूप में केदार कश्यप, मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उपस्थित थे।

अतिथि के रूप में प्रतिष्ठा ममगाई कलेक्टर, प्रभात कुमार पुलिस अधीक्षक, वासू जैन सीईओ जिला पंचायत, संध्या पवार नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा उपस्थित थे। सभा में रूपसाय सलाम पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, बृजमोहन देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा, गौतम गोलछा सदस्य प्रदेश भाजपा, प्रताप मंडावी, जैकी कश्यप, नरेंद्र मेश्राम,भगवती हलदर, रीता मंडल, प्रमिला प्रधान, अनिता कोरेटी,सोनू राम कोर्राम, अभिषेक बेनर्जी, मंगडूराम नुरेटी एवं अन्य अतिथियों के साथ रामकृष्ण मिशन के सन्यासीगण पूज्यपाद स्वामी व्याप्तानन्द, स्वामी अनुभवानन्द, स्वामी वसुदानन्द, स्वामी कृष्णामृतानन्द एवं अन्य साधुवृन्द तथा पत्रकारगण, गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। विद्यार्थियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा बैच लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। दर्शकों ने विशाल मंच में आरंभ से अंत तक स्वामी जी के ओजस्वी वाणी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। स्कूली विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द के ओजस्वी एवं प्रेरक वाणी का बड़े ही तन्मयता के साथ पठन किया एवं स्वामी जी के विचारों से ओतप्रोत भाषणों एवं व्याख्यानों का एक लम्बा क्रम विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया जिससे आश्रम का पूरा वातावरण ही विवेकानन्दमय हो गया।

# यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान में ऑटो रिक्शा और बसों में लगाए गए फ्लेक्स पोस्टर




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी तक 35वें यातायात सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, कोण्डागांव जिले के परिवहन विभाग ने 11 जनवरी को जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन अधिकारी अतुल आसैया ने किया। जागरूकता अभियान के तहत, बस स्टैंड पर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी ऑटो रिक्शा और यात्री बसों में यातायात सुरक्षा से संबंधित फ्लेक्स और पोस्टर लगाए। इन फ्लेक्स और पोस्टरों के माध्यम से यात्रियों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। फ्लेक्स और पोस्टरों में शराब पीकर वाहन न चलाएं। बिना हेलमेट बाइक न चलाएं। फोर-व्हीलर में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। यातायात संकेतों और नियमों का पालन करें। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी ने कहा, यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यह अभियान लोगों को जिम्मेदार वाहन चालक और यात्री बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। परिवहन विभाग ने स्थानीय लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को जागरूक करने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री से कुछ नादिरशाह अधिकारियों की भाजपा नेताओ ने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पूर्ववर्ती सरकार के समय के अधिकारी, यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश एवं सुशासन को धत्ता बताते हुए पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। आगामी महीनों में त्रिस्तरीय पंचायत, नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। ऐसे में इन अधिकारियों के रहते जिले के निवासियों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। इसी बात को लेकर भाजपा के कुछ नेताओं ने मुख्यमंत्री साय के धमतरी आगमन पर ऐसे अधिकारियों की शिकायत करते हुए इन पर कार्यवाही करने एवं जिले से स्थानांतरण करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने भी इन बातों को गंभीरता लेते हुए पार्टी के नेताओं को आश्वस्त किया है कि ऐसे अधिकारियों पर निश्चित रूप से नकेल कसी जायेगी और इनका जिले से स्थानांतरण भी किया जायेगा। पार्टी के नेताओं द्वारा किन अधिकारियों की शिकायत की गई और उन पर क्या कार्यवाही होगी यह तो भविष्य के गर्त में छुपा हुआ है। लेकिन नादिरशाह अधिकारियों के चलते पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है जिसका खामियाजा भी पार्टी को कुछ दिनों बाद होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव उठाना पड़ सकता है।

भाजपा के नेताओं ने प्रदेश स्तर पर यहां पदस्थ जिले के कुछ अधिकारियों के विरूद्ध उनके कामकाज को लेकर नाराजगी जाहिर की है जबकि ये उनसे संपर्क करते हैं तो वे कुछ न कुछ बहाना बनाकर कन्नी काट जाते हैं। यहां तक फोन करने पर भी वे रिसीव नहीं करते। इन अधिकारियों की हठधर्मिता का इससे बड़ा उदाहरण क्या होना चाहिये कि वे कार्यालय से हमेशा नदारद रहते हैं। शासकीय वाहनों में पारिवारिक कार्य करते हैं। और तो और जनहित की समस्याओं को लेकर जब जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग उक्त कार्यालय के अधिकारी के पास पहुंचते हैं तो वे उनकी समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते और उन्हें उल्टे पांव लौटा देते हैं जिसकी जानकारी भाजपा के नेताओं को देने पर उन्होंने ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध लंबी चौड़ी शिकायत की है। यही नहीं प्रदेश के तेज तर्रार गृहमंत्री ने कार्यकर्ताओं द्वारा की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिले के वरिष्ठ अधिकारी को हटाने की बात की थी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि गृहमंत्री के आदेश को भी अधिकारी मानने को तैयार नहीं हैं। राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री के जिला आगमन पर उनके द्वारा जिले के एक अधिकारी को एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को पुनः काम में रखने की बात कही, तो वहां उपस्थित अधिकारी ने उनकी बात को सिरे से नकार दिया। इस पर पूर्व विधायक ने उनसे पूछा कि इसमें आपको क्या परेशानी है, तो उक्त अधिकारी ने दो-टूक यह कह दिया कि मैं आपके किसी भी सवाल का जवाब देने बाध्य नहीं हूं। इस घटना के बाद से भी क्षेत्र के भाजपा नेता, कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी देखी जा रही है। शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये ऐसे अधिकारियों का होना घातक माना जा रहा है। ऐसे अधिकारियों द्वारा इन जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी कोताही बरती जा रही है। इससे शासन की यह मंशा कि अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को भी इन योजनाओं का लाभ मिले, उसकी जानकारी उन्हें नहीं मिल पा रही है। प्रदेश शासन द्वारा न सिर्फ शहर बल्कि वनांचल और दूरदराज में बैठे नागरिकों की भी सुध ली जा रही है और उनके लिये ऐसी कई योजनाएं लागू की गई है। लेकिन इन्हें ऐसे अधिकारियों द्वारा न तो इसकी जानकारी दी जा रही है, न ही इसका लाभ दिलाया जा रहा है। हद तो यह है कि ऐसे अधिकारी पीड़ित, शोषित, समस्याग्रस्त व्यक्तियों की शिकायतों को भी या तो यह कहकर लौटा देते हैं कि अभी बजट नहीं है या फिर उन्हें बाद में आना कहकर उल्टे पांव लौटा दिया जाता है। अधिकारियों के कार्यालय में बैठने का निश्चित समय नहीं है, वे अपने मन माफिक कार्यालय आना-जाना करते हैं। पूछे जाने पर साहब दौरे पर हैं, मीटिंग में हैं, यह कहकर आगंतुकों को उल्टे पांव लौटा दिया जाता है जिससे दूरदराज से आने वाले जरूरतमंद लोग सरकार को कोसते हुए वापस अपने गंतव्य को चले जाते हैं। इनका दर्द था कि ये लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। समय, आर्थिक नुकसान उठाकर जब इनका काम नहीं होता तो वे मायूस होकर चले जाते हैं।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों के ऐसे पीड़ित लोगों ने जिले के भाजपा नेताओं से मिलकर अपनी आपबीति सुनाई और अपनी शिकायतों के संबंध में उन्हें अवगत कराया और यह भी मांग की कि यदि ऐसे अधिकारी जिले में पदस्थ रहेंगे जो पूर्ववर्ती सरकार की मानसिकता से उबर नहीं पाये हैं, तो जिले का विकास कैसे होगा। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिले के भाजपा नेताओं ने नादिरशाह अधिकारियों की एक फेहरिस्त बनाकर मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए ऐसे अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण की मांग की है। भाजपा के नेताओं ने समस्याग्रस्त व्यक्तियों को समझाते हुए कि प्रदेश सरकार आप और आपके गांव के विकास हेतु पूरी तरह समर्पित है और प्रदेश के मुख्यमंत्री साय द्वारा किसी गांव या किसी व्यक्ति के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अब देखना यह है कि जिले में किन-किन अधिकारियों के ऊपर शिकायत के आधार पर गाज गिरेगी।

# वन्देमातरम परिवार समिति ने स्वामी विवेकानंद जयंती में किया कुरूद के अटल आवास के नागरिकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com




वन्देमातरम परिवार समिति पिछले 15 वर्षों से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाते आ रही है, इस पुण्य अवसर पर वन्देमातरम परिवार विभिन्न आयोजनों से लेकर अनेकों सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये है, उसी कड़ी में इस बार स्वामी जी के जयंती में अटल आवास के समस्त 102 परिवार के नागरिकों का वन्देमातरम परिवार की ओर से साल-श्रीफल एवं नुतन वर्ष के कलेण्डर के साथ नागरिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा स्वामी जी के जयंती की आप सबको मंगलकामनाएँ, अटल आवास के नागरिकों को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि नगर पंचायत कुरूद पूर्व मे मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल मे कुरूद विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर के द्वारा स्वीकृत महत्वाकांक्षी योजना को केंद्र सरकार से आप सबके लिए कुरूद जैसे छोटे शहर में सबसे पहले आवास दिलाने का प्रयास किये है, कुरूद मे यह गरीब परिवार के लिए सबसे सुंदर कालोनी है किंतु वर्तमान के पदाधिकारियों ने इसकी कोई सुध नहीं ली और आज भी हमने 12 वर्ष पहले सौंपा था वैसे ही है, विष्णु के सुशासन में और अजय के विकास रथ से इस कालोनी को हमने बनाया है हम ही इस कालोनी को सँवारेंगे, वन्देमातरम परिवार ने इस शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आप सबका सम्मान किये है, उसके लिए वन्देमातरम परिवार का कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ। इस पुण्य अवसर पर वन्देमातरम परिवार के मुखिया भानु चन्द्राकर ने स्वामी जी के जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा हमारी संस्था पिछले 15 वर्षो से जागृत संस्था है जो कि स्वामी को आदर्श मानकर सदैव जनकल्याण के लिए कार्य करते आ रही है, जिसमें मुख्य रूप से एम्बुलेंस सेवा, गरीब परिवारों को शवदाह के लिए 3 क्विंटल निःशुल्क लकड़ी दान, ग़रीब परिवारों को शादी-मृत्यु भोज कार्यक्रम एवं विभिन्न आयोजनों के लिए निःशुल्क टेंकर-बर्तन उपलब्ध कराना, लवारिश लाश को सद्गति प्रदान करना, खेल-शिक्षा,चिकित्सा क्षेत्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित करना, स्वास्थ्य क्षेत्रों में निरंतर सेवा, धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों से लेकर ग़रीबों की सेवा-सम्मान करना स्वामी जी के राह मे एक कदम चलने का छोटा सा प्रयास कर रहे है, जिसमें मुख्य रूप से नगर, क्षेत्र, जिलेवासी निरंतर लाभान्वित होते है, स्वामी जी के जंयती मनाना हमारे संस्था का उद्देश्यों मे शामिल है।

# आदर्श पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






छुहिया स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल ने अपना दूसरा वार्षिक उत्सव (प्रेरणा) बड़े हर्षो उल्लास के साथ बलौदा बाजार नगर भवन में मनाया। वार्षिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा (खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छत्तीसगढ़, मनोज त्रिवेदी (पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त), विशिष्ट अतिथि चितावर जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष बलौदा बाजार जुगल भट्टर (चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बलौदा बाजार रामाधार पटेल, विजय केशरवानी विद्यालय के संचालक आकाश अग्रवाल, डॉ अलका अग्रवाल, आदेश अग्रवाल प्राचार्या सुनीता बहादुर और विद्यालय समिति के सदस्यों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, इस समारोह में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा राष्ट्रीय गान के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ, शाल और बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत नृत्य के साथ हुआ, कार्यक्रम के पहले चरण में विद्यार्थियों द्वारा संगीत प्रदर्शन, छठवीं, सातवीं, आठवीं, नवमी के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, नर्सरी के विद्यार्थियों द्वारा वृक्ष बचाओ, कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य कक्षा पांचवी के छात्रों द्वारा किसान नृत्य हुआ, विद्यार्थियों ने अपने सुंदर नृत्य से सभी का मनोरंजन किया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं और नवमी के विद्यार्थियों द्वारा दक्षिण भारतीय नृत्य किया गया, एल के जी, यू के जी और कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही सुंदर और मनमोहक नृत्यों द्वारा सभी अभिभावकों और अतिथियों के द्वारा खूब वाहवाही बटोरी, इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या सुनीता बहादुर मैडम के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के तीसरे चरण में कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों द्वारा महिला सशक्तिकरण, एल के जी, कक्षा पहली, कक्षा दूसरी, कक्षा चौथी का खेल नृत्य और कराटे, योगा, स्किट इसकी सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, जो की अत्यंत ही शिक्षा प्रद था। सभी उपस्थित अतिथियों गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों ने कार्यक्रम की बहुत-बहुत सराहना की। इसके पश्चात प्राचार्या द्वारा विशेष घोषणा की गई, जिसमें शाला के तीन शिक्षको को टुकेश, एली और साक्षी को श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार दिया गया।

# भारी मतों से उषा पटेल ने जीत दर्ज कर बनी केंद्रीय अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ के अध्यक्ष पदों के लिए 12 जनवरी को सरायपाली के चार मतदान केंद्रो सरायपाली, केदुंवा, पाटसेंद्री व बटकी के साथ पूरे देश के 47 मतदान केंद्रो में चुनाव संपन्न हुआ। जिसके लिए चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। जिसमें सरायपाली के चारों मतदान केंद्र में उषा पटेल चुनाव चिन्ह (उगता सूरज छाप) ने भारी लीड लेकर जीत दर्ज की। ओवरऑल सभी 47 मतदान केंद्रो में उषा पटेल लीड के साथ आगे रही। जबकि दूसरे नंबर पर दीनदयाल पटेल रहे। समाचार लिखे जाने तक कुछ मतदान केदो के परिणाम आने शेष थे। जितने भी मतदान केंद्र के नतीजे सामने आए उसमें उषा पटेल लिड लेकर जीत दर्ज की है। हालांकि इसका विधिवत अंतिम परिणाम 13 जनवरी को रायगढ़ में घोषित कर नव निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। बता दें पुष पुन्नी (छेरछेरा) पर्व होने के बावजूद भी अघरिया समाज केंद्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह 8:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और दोपहर 3:00 तक चला। सरायपाली विकासखंड में चार मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिसमें कुल 1705 मतदाताओं में से 1345 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना उपरांत परिणाम भी सामने आने लगे सरायपाली के चारों मतदान केंद्र में मतदान वार प्रत्याशियों को मिले चुनाव परिणाम को देखें तो सरायपाली में उषा पटेल को 280 मत, गेसमोती पटेल को 72, दीनदयाल पटेल को 60 व लक्ष्मी नारायण चौधरी को 10 मत मिले, इसी तरह केदुवां मतदान केंद्र में उषा पटेल को 193 मत, गेस मोती को 104, दीनदयाल पटेल को 22, लक्ष्मी नारायण चौधरी को पांच, दो मतदान अवैध पाए गए, वहीं पाटसेंद्री मतदान केंद्र में उषा पटेल को 244 मत, गेसमोती पटेल को 42, दीनदयाल पटेल को 48, लक्ष्मी नारायण चौधरी को 04मत और 06 मत अवैध पाएं गये। इसी तरह बटकी मतदान केंद्र में उषा पटेल को 120 मत, गेसमोती पटेल को 60,दीन दयाल पटेल को 64 व लक्ष्मी नारायण चौधरी को 07 मत मिले, 02 मत अवैध मिले। इस तरह सरायपाली के चारों मतदान केंद्र में उषा पटेल ने 837 मत हासिल कर चारों मतदान केंद्र से जीत दर्ज की है। वही 282 मत के साथ चारों मतदान केंद्र में गेसमोती पटेल दूसरे स्थान पर रही, 214 मत के साथ दीनदयाल पटेल ने तीसरे स्थान पर व 28 मत के साथ लक्ष्मी नारायण चौधरी चौथे स्थान पर रहे। जबकि 10 मत अवैध पाए गए।

### शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न करवाने में मतदान अधिकारियों का रहा विशेष योगदान

शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न करवाने में मतदान अधिकारी मतदान केंद्र-बटकी से सतीश स्वरूप पटेल, दरशराम पटेल, खिरोद्र चौधरी, राजेश पटेल, मतदान केंद्र-केदुवा से यशवंत चौधरी, धनंजय पटेल, प्रदीप पटेल, मनोज पटेल, सुशील नायक, मतदान केंद्र-पाटसेन्द्री से जोगीलाल पटेल, किशोर कुमार पटेल, नरेश पटेल, सेवक पटेल, मतदान केंद्र-सरायपाली से रविन्द्र पटेल, चूडामणी पटेल, हेमन्त चौधरी, किशन पटेल व मतदान बूथ प्रभारियों में केदुवा में बलिराम पटेल, पाटसेन्द्री में जयलाल पटेल, बटकी में प्यारे लाल पटेल, सरायपाली में लव कुमार पटेल का विशेष योगदान रहा।

# मेले क़ी तैयारी का जायजा लेने तुरतुरिया पहुंचे कलेक्टर



**बलौदाबाजार।** दीपक सोनी ऐतिहासिक एवं धर्मिक स्थल तुरतुरिया पहुंचे। उन्होंने तुरतुरिया में तीन दिवसीय मेले क़ी तैयारी का अवलोकन किया तथा क़ानून व्यवस्था सहित लोगों क़ी सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों को किसी प्रकार क़ी समस्यया या असुविधा होने पर तत्काल निराकारण के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोनी ने तुरतुरिया में मंदिर सहित आस-पास के क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होने मोबाइल नेटवर्क क़ी उचित पहुँच के लिए वहां बीएसएनएल द्वारा स्थापित मोबाइल टावर को सक्रिय करने के लिए संबधित अधिकारी से समन्वय करने कहा। कलेक्टर ने मेला क्षेत्र के पास स्थित खाई के आस-पास लोगों के सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए खाई को बांस बल्ली से बेरीकेटिंग करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही मेले में शांति व्यवस्था के लिए मेले के दिन शाम 4 बजे से शारब दुकान को बंद रखने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को मेले में लोगों क़ी सुविधाओं तथा क़ानून व्यवस्था बनाये रखने सतर्कता से जिम्मेदारी का निर्वाहन करने के निर्देश दिए। इसीतरह पुलिस को भी मुस्तैदी से ड्यूटी करने निर्देशित किया गया। गौरतलब है क़ि विकासखंड कसडोल अंतर्गत तुरतुरिया में पौष पूर्णिमा में प्रति वर्ष तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।यहाँ अनेक मंदिर व बलभद्र कुंड है। वहीं इसे लव कुश क़ी जन्म स्थली भी कहा जाता है। मातागढ़ में माँ काली क़ी प्रतिमा विराजमान है जिसे संतान दात्री के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एसडीएम आर.आर.दुबे, एसडीओपी, तहसीलदार विवेक पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पुलिस ने बलौदाबाजार में आयोजित किया गया हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली कार्यक्रम



**बलौदाबाजार।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में 04.01.2025 से 31.01.2025 तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा माह के आठवें दिन बलौदाबाजार में हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी को यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया, तत्पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा झंडा दिखाकर हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली को रवाना किया गया। इस रैली का उद्देश्य हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना एवं अधिक से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस टीम द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन कर बलौदाबाजार नगर के सभी प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहा का भ्रमण किया गया एवं लोगों से मोटरसाइकिल चालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की गई।

# हमारी संस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करती है हमारे धार्मिक तीज एवं त्यौहार : विजय मोटवानी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की परंपरा एवं संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र के आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाने वाला पर्व छेरछेरा पुन्नी पर आमापारा वार्ड के पार्षद तथा भाजपा के युवा नेता विजय मोटवानी ने अपने स्वयं को इस पर्व से जोड़ते हुए पूरे क्षेत्रवासियों तथा नगर वासियों को बधाई के साथ शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगलमय, उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मोटवानी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की परंपरा व संस्कृति इतनी समृद्ध है कि वह पृथक रूप से प्रत्येक क्षेत्र में अलग के साथ ही साथ विशिष्ट पहचान रखती है जिसमें से दान एवं पुण्य का पर्व छेरछेरा पुन्नी जिसमें मान्यताओं के अनुसार सभी लोग एक दूसरे से जाकर मिलते हुए तीज त्यौहार के महत्व को अपना कर आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के कारण एक धरोहर के रूप में संस्कृत मान्यता प्राप्त कर चुकी है और आने वाली पीढ़ी को इसे सुसंस्कृत करके सौपना हम सब का धर्म भी है।

# प्रधानमंत्री का वादा, मुख्यमंत्री बखूबी पूरा कर रहे : निलेश लुनिया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किये है उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बखूबी पूरा कर रहे हैं। प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सर्वहारा वर्ग को मिल रहा है। करोड़ों रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन निरंतर जारी है। माताओं बहनों को सम्मान निधि के रूप में प्रतिमाह उनके बैंक खातों में भेजे जा रहे हैं। धान खरीदी, टेनिस, हाकी एकेडमी की सौगात जैसे अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा रहे हैं जिसके चलते आज प्रदेश में सुशासन से खुशहाली का दौर चल पड़ा है यह बात भाजपा शहर मंडल महामंत्री निलेश लुनिया ने कही है। भाजपा शहर मंडल महामंत्री लुनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को आवास देने का वादा जो साकार हो रहा है। छत्तीसगढ़ में अब तक 8 लाख 47 हजार मकान पहले ही स्वीकृत किये जा चुके हैं। आगे जितने भी प्रकरण है उनको भी अमलीजामा पहनाने का निर्देश मुख्यमंत्री साय ने विभाग को दिया है। मुख्यमंत्री प्रदेश में खुशहाली लाने विभिन्न जिलों का तूफानी दौरा कर जिले को करोड़ों रुपये की सौगात देकर आम जन की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा कर रहे। धमतरी प्रवास के दौरान भी उन्होंने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की है। इसी तरह माहतारी वंदन योजना के तहत माताओं, बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपये की सम्मान निधि, किसान भाईयों को उनकी उपज का सही मूल्य दिया जा रहा है।

पूर्व पार्षद लुनिया ने आगे यह भी कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने अपने एक साल के सुशासन में विकास की गंगा बहाते प्रदेश में खुशहाली का वातावरण बनाया। शहर के साथ गांव के अंतिम छोर में रहने वालों की सुध ली। भूमि पट्टों का वितरण किया। आने वाले समय में डबल इंजन की सरकार प्रदेशवासियों के हितार्थ अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ को और अधिक लागू कर देश का माडल राज्य बनायेगी जिससे हर वर्ग लाभान्वित होगा।

# पीजी कॉलेज में रासेयो ने मनाया विवेकानंद जयंती

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम, भीखमचंद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत एक दिवस पूर्व नियमित गतिविधि का आयोजन कर विवेकानंद चौक में सफाई अभियान चलाया गया। विवेकानंद जयंती के परिप्रेक्ष्य में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेवकों के लिये विवेकानंद जी के प्रेरणादायक जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी एवं परिचर्चा रखी गई जिसमें स्वामी के जन्म, शिकागो सम्मेलन, रामकृष्ण मिशन की स्थापना एवं स्त्री शिक्षा इत्यादि शामिल रहे। सुनील शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि उन्होंने औपनिवेशिक भारत में हिंदुओं के पुनरुद्धार और राष्ट्रीयता की भावना जगाने में अहम भूमिका निभाई तथा स्त्री शक्ति के महत्व को समझाया और महिलाओं को समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार पाठक ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति का माल्यार्पण एवं पूजन किया तथा स्वयंसेवकों को महाविद्यालय से विवेकानंद चौक तक रैली के लिये हरी झंडी लहरा कर रवाना किया गया। रैली में स्वामी विवेकानंद के नारे एवं उनके किये गये समाजोत्थान कार्यों का गीत-गायन गाया गया। विवेकानंद चौक मुजगहन में पहुंच कर प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन कर स्वयंसेवक को उद्बोधित कर कहा कि स्वामी जी युवाओ के प्रेरणास्त्रोत है।

उनका जीवनकाल महज 39 वर्ष का रहा पर उनके कार्य जीवंत है जो हमारा समय समय पर पथप्रदर्शन करते है। स्वामी जी ने भारत की राष्ट्रीय एकता की मज़बूत नींव रखी। उन्होंने पूर्वी और पश्चिमी संस्कृतियों के बीच पुल बनाने में अहम भूमिका निभाई। ऐसे महान व्यक्तित्व को आज संपूर्ण विश्च नमन करता है। रैली से आकर स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग 2025 का प्रसारण देखा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में देश के युवाओं से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा शक्ति की ऊर्जा से ये भारत मंडपम भी ऊर्जावान हो गया है। पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि आज आपसे बात करते हुए मैं विकसित भारत की एक तस्वीर भी देख रहा हूं। प्रसारण के पश्चात स्वयंसेवक योगेंद्र, हेमचरण, वीभा, पंकज को सी प्रमाणपत्र तथा वर्षगत आयोजित कार्यक्रमों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन बढ़ाया गया। उक्त कार्यक्रम में भूतपूर्व स्वयंसेवक रूपेश, दिनेश्वर, वर्तमान स्वयंसेवक मोनिका, रश्मि, अभिलाषा, वीणा, ललिता, एस कुमार, कौशल, गुलशन, दीपांशु, सोनम, झरना, लीलम, कुलदीप, रामानंद, प्रहलाद, रूद्राणी, प्रतिभा तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# फुलझर प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में एन एन किंग ने जीता

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी द्वारा आयोजित फूलझर प्रीमियर लीग का समापन हुआ, जिसमें मित्रा फिट क्लब के ऑनर किरण कुमार साहू के प्रतिनिधि के रूप में उनके भाई सेवक कुमार साहू उपस्थित थे, साथ में दिनाकाशी एंड ब्रदर सरायपाली के ऑनर अंकुर मित्तल एवं उनकी बेटी विदिशा मित्तल भी शामिल हुई। साथ में पीसीएस अंपायर संघ के प्रमुख डेविड बारीक और फूलझर प्रीमियर लीग के सभी ऑनर भी उपस्थित रहे और आयोजक समिति से सुनील साहू, अमित शनिकर, नवीन साहू, नीरज प्रधान, आशीष शनिकर, सुजीत शनिकर, विकास बेहरा, राजा साहू, मानस सेठ, यशवत साहू एवं समस्त आयोजक समिति के सदस्य मौजूद थे। इस टूर्नामेंट का फाइनल एनएन किंग और समृद्धि राइजिंग स्टार के मध्य हुआ जिसमें एनएन किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में 147/9 रन बनाए जिसके जवाब में समृद्धि राइजिंग स्टार ने केवल 112/8 रन ही बना पाए और इस तरह एनएन किंग ने इस टूर्नामनेट को 35 रनों से जीता। फाइनल मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पोलेश मिश्रा जिन्होंने 15 रन और 3 विकेट लिए जो कि पिथोडा से है इसी तरह टूर्नामेंट में गौरीशंकर तिवारी मोस्ट वेल्यूबल खिलाड़ी चुने गए और इस टूर्नामेंट में पर्पल कैप केशव को मिला जिन्होंने सबसे ज्यादा विकेट प्राप्त किया और ऑरेंज कैप गौरी शंकर तिवारी को दिया गया जिन्होंने सबसे ज्यादा रन बनाए साथ सबसे ज्यादा छक्के मारने के लिए भी प्रवीण प्रधान को पुरस्कृत किया गया बेस्ट विकेट कीपर का भी पुरस्कार प्रवीण प्रधान को दिया गया। साथ ही सभी टीम ऑनर और अंपायर का सम्मान भी आयोजक समिति की द्वारा किया गया। आयोजक समिति के द्वारा मित्रा फिट क्लब के प्रतिनिधि सेवक साहू और अंकुर मित्तल का श्रीफल और साल से सम्मान किया गया। एनएन किंग के टीम ऑनर नूराधन प्रधान और कप्तान सोनू तिवारी जी थे जिन्होंने ये पहला किताब जीता और समृद्धि 11 के ऑनर सचिन शर्मा और कप्तान गौरीशंकर तिवारी थे जिन्होंने इस टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया समापन में आए अतिथियों के द्वारा बहुत ही सराहना किया गया। साथ ही उनके द्वारा कहा गया कि ये टूर्नामनेट हमारे एरिया के लिए एक गर्व है जिसमें हमारे खिलाड़ियों को आगे खेलने का मौका दिया जा रहा है।

# हमारा संविधान है विश्व का सर्वश्रेष्ठ : सत्यप्रकाश तिवारी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जशपुरनगर में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आमंत्रित जिला अधिवक्ता संघ, जिला- जशपुर के सचिव और प्रतिष्ठित अधिवक्ता सत्यप्रकाश तिवारी ने भारतीय संविधान के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। अधिवक्ता तिवारी ने बच्चों को संविधान की प्रस्तावना समझाते हुए कहा कि भारत में गणतांत्रिक व्यवस्था संविधान निर्माण के हज़ारों साल पहले से स्थापित रही है। महाजनपद काल का स्मरण करते हुए उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में वज्जि, मल्ल, कुरु, कंबोज जैसे गणतंत्रात्मक राज्य थे. इन राज्यों में प्रत्येक नागरिक की राज्य में बराबर की भागीदारी ही। इसलिए गणतंत्र तो हम भारतीयों की आत्मा में समाहित है। भारत के संविधान के निर्माण के लिए हमारे राष्ट्रपुरुषों ने किसी एक देश या किसी क्षेत्र विशेष के संविधान को नहीं अपनाया, बल्कि उन्होंने अकल्पनीय परिश्रम किया। उस समय विश्व के देशों में प्रचलित संविधान का अध्ययन करने के बाद भारत के संदर्भ में उनका परीक्षण किया। लम्बे-लम्बे वैचारिक मंथन हुए, तब जाकर हमारा संविधान 26 नवम्बर 1949 को निर्मित हो सका, जिसके 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। यह संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है।संविधान निर्माण के दौरान घटित कुछ प्रसंगों को साझा करते हुए तिवारी ने बताया कि संविधान जब लिखा गया तो उसमें पन्नों पर कई जगह खाली थी। ऐसे में आम सहमति से इन जगहों पर चित्र बनाने का फैसला लिया गया। इन चित्रों को बनाने की जिम्मेदारी उस समय के मशहूर चित्रकार और शांति निकेतन से जुड़े नंदलाल बोस को दी गई। नंदलाल बोस और उनके शिष्यों ने 22 चित्रों के अलावा संविधान के पन्नों के किनारों को भी डिजाइन किया। भगवान श्रीराम भारत के सांस्कृतिक, नैतिक और राजनैतिक मूल्यों के आदर्श रहे हैं। उनका व्यक्तित्व एवं जीवन दर्शन हमारे संवैधानिक मूल्यों के समरूप हैं। इसलिए भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरम्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का चित्र है। संविधान में भगवान श्रीराम के अलावा गीता का उपदेश देते श्रीकृष्ण के साथ अर्जुन, टीपू सुल्तान, नटराज, भगवान बुद्ध, लक्ष्मीबाई, वीर शिवाजी, मुगल सम्राट अकबर के साथ ही गंगा मैया और इसे धरती पर लाने वाले भागीरथ के भी चित्र हैं। संविधान के महत्व पर चर्चा करते हुए अधिवक्ता तिवारी ने संविधान प्रदत्त शक्तियों का विशेष रूप से उल्लेख किया। अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों के लिए विशेष प्रावधानों, मौलिक अधिकार के अंतर्गत शिक्षा का अधिकार आदि पर चर्चा करते हुए छात्रों के प्रश्नों और शंकाओं का अत्यंत सरल शब्दों में समाधान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य खान वक्काररुज्जमां खां सहित समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।



# सप्त दिवसीय विशेष शिविर पर बौद्धिक चर्चा

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत मोहतरा, जिला बलौदा बाजार में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के सप्त दिवसीय विशेष शिवीर के तृतीय दिवस पर बौद्धिक पर चर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बलौदा बाजार के संरक्षक संदीप पांडे ने कविता से समां बांधा महाविद्यालय से गृह विज्ञान विभाग से डॉक्टर चित्ररेखा सिंगरोले ने पोषण आहार और शरीर में उसके प्रभाव को विस्तार से बताया साथ ही इस अवसर पर जितेंद्र साहू संयोजक सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी उपस्थित थे जिन्होंने रक्तदान के महत्व से छात्राओं को अवगत कराया एवं दुर्गेश कुमार वर्मा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरनयापारा द्वारा स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित पुरस्कारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई शिविर के चतुर्थ दिवस पर क्रेड़ा के बारे में छात्राओं से चर्चा की गई एवं क्रेडा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में स्वयं सेवकों को बताया गया इस अवसर पर डॉक्टर एस एम पाध्ये उपस्थित रहे जिन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में जोड़कर समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया साथ ही अपर कलेक्टर मिथलेश डोडे जी द्वारा छात्राओं से सप्त दिवसीय शिविर में सम्मिलित होने के लिए बधाई दी गई और अपने अभिभाषण से छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार किया तहसीलदार पेखन टुंडे ने स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुभव को साझा करते हुए व्यक्तित्व के विकास पर चर्चा की साथ ही छात्राओं द्वारा चतुर्थ दिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था जो गैर सरकारी संगठन के बैनर तले संपन्न हुआ इसके माध्यम से छात्राओं ने यौन व प्रजनन स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, एचआईवी/एड्स, सामानता नारी शक्ति, मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर नारा लगाते हुए ग्राम मोहतरा का भ्रमण किया जिसमें परियोजना प्रबंधन आनंद पाण्डेय, ग्राम मोहतरा के सरपंच ईश्वरी साहू, सरपंच प्रतिनिधि संतोष साहू, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना रोशनी लता राकेश एवं शिविर में उपस्थित स्वयं सेविकाओं की भागीदारी रही यह रैली राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी। ग्राम मोहतरा के सरपंच ईश्वरी साहू ने बताया कि ऐसा कार्यक्रम हमारे पंचायत मे पहली बार आयोजित हुआ है, जिससे हम सभी गौरवान्वित है और NSS के सभी स्वयं सेविकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# प्राचार्य देवलाल यादव को मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ∢ पाटन
www.dailypioneer.com



विकास खंड पाटन अंतर्गत ए.के. गोयल पब्लिक स्कूल पाटन के प्राचार्य देवलाल यादव को मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार विगत 18 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए ए.के. गोयल पब्लिक स्कूल पाटन के प्राचार्य देवलाल यादव को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि प्राचार्य यादव को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए जाना जाता है, जिसके माध्यम से वे छात्रों को विषय चयन तथा उन्हें कैरियर बनाने में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। यादव सर के मार्गदर्शन से अब तक 17 छात्र छात्राएं एमबीबीएस डॉक्टर, 1 छात्रा भारतीय प्रशानिक सेवा में कलेक्टर के पद पर चयनित हो चुके हैं। कई छात्र शासकीय सेवाओं जैसे शिक्षक, पुलिस, सेना आदि में चयनित हो चुके हैं, जिसके लिए उन्हें 2019 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शिक्षा अलंकरण प्रदान किया गया, साथ ही 2022 में एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। प्राचार्य देवलाल यादव ने इस उपलब्धि पर ईश्वर, माता पिता, गुरु जनों तथा अपने मित्रों का धन्यवाद किया और कहा कि वे निरंतर शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थीयों के उन्नयन के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

# रिखी का समूह इस गणतंत्र दिवस दिल्ली में बिखेरेगा छत्तीसगढ़ी संस्कृति

**24 से 27 जनवरी तक देश-विदेश के अतिविशिष्ट मेहमानों और आम जनता के समक्ष होगी प्रस्तुतियां**

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनका समूह इस साल राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस पर देश की राजधानी नई दिल्ली में लोकनृत्यों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे। गणतंत्र दिवस पर प्रत्येक राज्य से सिर्फ एक-एक कला दल को अवसर मिलता है। जिसमें संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से इस बार रिखी क्षत्रिय के समूह लोकरागिनी मरोदा सेक्टर भिलाई को भेजा है। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 24 जनवरी से 27 जनवरी तक राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह और भारत पर्व का आयोजन लाल किले में होगा। जिसमें देश-विदेश के अतिविशिष्ट मेहमानों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग-अलग दिन होंगे। यहां रिखी और उनका समूह विविध छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की प्रस्तुति देगा। इनमें आदिवासी नृत्य--गौर शिकार नृत्य, बैगा करमा नृत्य,ठिसकी नृत्य,माड़ी करमा नृत्य एवं मांदरी नृत्य बस्तर, कवर्धा जिला, सरगुजा जिला दंतेवाडा जिला, कांकेर जिला आदि जिले के आदिवासियों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी जाएगी साथ में छत्तीसगढ के बारामासी गीत नृत्य एवं झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 25 कलाकारों का समूह 23 जनवरी को नई दिल्ली के लिए रवाना होगा। फिलहाल सभी कलाकार छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की तैयारी कर रहे हैं। इस समूह में रिखी क्षत्रिय के साथ कुलदीप, पारस, संजीव, प्रदीप, नवीन, प्रमोद, भीमेश,जया लक्ष्मी, लीना, तुलेश्वरी, नेहा देवांगन, प्रियका, हेमा, ओमेश्वरी, गीतांजलि, राम कुमार पाटिल, डोरेलाल, उग्रसेन, राजेश, अजित, सुनील, शिवम, वेन और चंचल शामिल हैं।

# समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को मिला 'प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया' पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दिल्ली हयात होटल में आयोजित प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया पुरस्कार समारोह में प्रसिद्ध समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मध्य भारत के उल्लेखनीय व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाता है। कल्पना योगेश तिवारी ने समाजसेवा क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। उनके कार्य से प्रेरणा लेकर कई लोग आगे बढ़ रहे हैं। कल्पना योगेश तिवारी को मिला यह पुरस्कार उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है। समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को यह अवार्ड केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के हाथों दिया गया। नई दिल्ली के फाइव स्टार होटल हयात में 8 जनवरी 2025 को इस अवार्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन रखा गया था। कल्पना योगेश तिवारी, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खारुन नदी के तट पर स्थित ग्राम गोमची में असहाय वृद्धजनों के लिये सर्वसुविधा युक्त निर्मित 200 बिस्तरों वाले मां आनंद वृद्धाश्रम की ट्रस्टी हैं। 35 एकड़ भूमि पर बने इस विशालकाय मां आनंद वृद्धाश्रम में पूजा करने के लिए मन्दिर, खाने के लिए बड़ा कैंटिन एवं दस बिस्तरों का एक अस्पताल भी है।

# अम्लेश्वर में करोड़ो के विकास कार्य का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ∢ पाटन
www.dailypioneer.com

सांसद विजय बघेल के मार्ग दर्शन में नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर में 365.36 लाख रुपए से 36 विकास कार्यो का भूमि पूजन 13 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि हर्षा लोकमनी चंद्राकर रहे। अध्यक्षता अम्लेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर ने किया। विशेष अतिथि के रूप में सुरेंद्र साहू प्रदेश प्रशिक्षण युवा मोर्चा, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, फेरहा राम धीवर, डॉ आलोक पाल नगर अध्यक्ष, रामावतार साहू, जनपद सदस्य रेवती सोनकर, पूर्व जनपद टिका राम साहू, विनय चंद्राकर, मनबोध साहू रहे। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलित कर राजकीय गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का फूलमाला से स्वागत सत्कार किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगा रंग की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।स्वागत भाषण मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता ने दिया उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सांसद विजय बघेल के मार्ग दर्शन में नगर का विकास किया जा रहा है। साथ ही जनकल्याणकारी योजना नगर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। भूमिपूजन के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि छेर छेरा पुन्नी में देय के विधान है इस लिए करोड़ों के विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। अम्लेश्वर नगर को सांसद विजय बघेल के मार्ग दर्शन में सौगात मिला है। उन्होंने कहा आज पूरे छत्तीसगढ में 70 लाख महिलाओं को विष्णु देव के सरकार महतारी वंदन योजना की राशि 1000 रु दे रही है जो नारी शक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत करने के काम कर रही है। कार्यक्रम को नगर अध्यक्ष डॉ आलोक पाल, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर, मंडल महामंत्री कैलाश यादव, जनपद सदस्य रेवती दयानंद सोनकर भी संबोधित किया रामाधार साहू ने कहा कार्यक्रम स्थल के बाजू में तालाब है जिसे शासकीय करण कराने भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने रुचि नहीं ली जिसे ग्राम डीह सियान प्रमुखो के द्वारा कराया गया, मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर ने भी संबोधित किया।

# वेल विशर फाउंडेशन ने अपना 10 वा स्थापना दिवस बच्चो में बीच मोटिवेशनल व कॅरियर मार्गदर्शन शिविर के साथ मनाया

- स्वामी विवेकानंद को भी किया गया याद, परम पूज्य बाबा, भारती, व प्राचार्य को किया गया विवेकानंद जी का तैल चित्र भेट

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



वेल विशर फाउंडेशन द्वारा संस्था के 10 वाँ स्थापना दिवस ग्राम पौड़ी दलहा अघोर आश्रम के कपालिक बाबा के आशीर्वाद के साथ व माँ गायत्री स्कूल कटनई में मोटिवेशनल व कैरियर मगर्दर्शन शिविर लगा कर मनाया गया। अघोर पीठ में पूज्य बाबा ने संस्था को आशीर्वाद देते हुए संस्था द्वारा लगातार क्षेत्र में किये जा रहे नेक कार्य की प्रसंशा की।मोटिवेशनल व कॅरियर मगर्दर्शन के मुख्य वक्ता के रूप आये पूर्व प्रिंसिपल पंकज केसरी सर ने बच्चो को उनके परीक्षा के तैयारी कैसे करना है उसके बारे में टिप्स दिए साथ संस्था के अच्छे कार्यो के बारे में बच्चो को अवगत कराया। कार्यक्रम को वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, माँ गायत्री स्कूल के प्राचार्य आई पी साहू व दीपक साहू ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने किया व आभार प्रदर्शन सतीश मानिकपुरी ने किया । कार्यक्रम में माँ गायत्री स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक रामेश्वर साहू, अनिल इंग्ले, पुष्पा उइके वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह,सदस्य दीपक साहू, सतीश मानिकपुरी, शरद सिंह,मोहन कश्यप, सौरभ सिंह, प्रेम निर्मकलर, उपस्थित थे।

# सफाई को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं स्वच्छता बेहद जरूरी शहर की पहचान स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई है : कमिश्नर

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर शहर की सफाई को लेकर लगातार कमिश्नर सुमित अग्रवाल काफी सख्त नजर आए। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों, सुपर वाइजर सहित स्वच्छता कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए।इसमें कोताही बर्दाश्त बिल्कुल भी नहीं की जाएगी। इसके लिए कमिश्नर अग्रवाल रोजना स्वयं विभिन्न वार्डो में पहुंचकर साफ -सफाई व्यवस्था का जायजा भी ले रहे हैं। सोमवार को सुबह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड- कातुलबोर्ड, रायपुर नाका सहित स्टेशन रोड भ्रमण किया साथ ही साथ सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कुनाल, राहुल सहित टीम अमला मौजूद रहें। वार्डो में साफ -सफाई को लेकर काफी गंभीरता बरती जा रही है। बता दें कि नगर निगम को स्वच्छता व साफ - सफाई के लिए कई राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड भी मिल चुका है। इस उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए नगर के कमिश्नर सहित अधिकारी/कर्मचारी काफी एहतियात बरत रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग टीम नगर निगम द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों को स्वच्छता को लेकर दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बेहद जरूरी है।शहर की पहचान स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई है। वार्डो की साफ- सफाई के अलावा चौक चौराहा, गार्डन एवं सार्वजनिक स्थानों के साफ -सफाई भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को निर्देश दिए कि वह स्वच्छता के लिए कोताही न बरतें। साथ ही साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लगातार फील्ड में जाकर मानिटरिंग भी करते रहे।

**देश-प्रदेश के प्रमुख व्यक्तित्व पहुंचेंगे मार्गदर्शन देने और विषय पर बात रखने**

# दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानो कार्यक्रम 18 से भिलाई

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानों कार्यक्रम 18 और 19 जनवरी को डॉ अंबेडकर भवन (पुराना बीएसपी स्कूल), रेलवे अंडरब्रिज के सामने, सेक्टर 6 भिलाई नगर में रखा गया है। डॉ अंबेडकर एक्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़, एनस्टेप छत्तीसगढ़ और मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा। आयोजन समिति की ओर से विश्वास मेश्राम ने बताया कि 18 जनवरी शनिवार सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र होगा। मुख्य अतिथि एम डी कावरे (आईएएस) डिविजनल कमिश्नर, रायपुर और बिलासपुर संभाग, अति विशिष्ट अतिथि, डॉ रतन लाल डांगी (आईपीएस) महानिदेशक छत्तीसगढ़ पुलिस अकादमी, रायपुर, दिलीप वासनीकर (आईएएस) कमिश्नर डिपार्टमेंटल इंक्वायरी छत्तीसगढ़ रायपुर, अनुराग मेश्राम (आईआरएस) मुख्य कार्मिक अधिकारी, सेंट्रल रेलवे मुंबई, भगवान गवई, बिजनेस टायकून, पुणे और एस एल मात्रे-पूर्व जज, राज्य औद्योगिक न्यायालय, रायपुर होंगे। अध्यक्षता एल उमाकांत, प्रथम सीजीएम-एससी एसटी वर्ग भिलाई स्टील प्लांट और अध्यक्ष-मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई करेंगे। अतिथियों के उद्बोधन के उपरांत प्रशिक्षण सत्र होगा। जिसमें प्रभाकर खोबरागड़े- ए ई एफ , अनिल कुमार बनज-सोजलीफ अजय कुमार कोल्हे एनस्टेप और एल उमाकांत-मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल शामिल होंगे। रिसोर्स पर्सन भगवान गवई पुणे और डॉ. अनुराग मेश्राम मुंबई होंगे। दोपहर 2 बजे से रिसोर्स पर्सन एस एल मात्रे रायपुर, सुधीर रामटेके भिलाई, संजय गजघाटे, मोटिवेशनल स्पीकर, संयुक्त संचालक, उद्योग विभाग रायपुर,डॉ जितेंद्र सिंगरौल, यंग साइंटिस्ट अवॉर्डी, ओबीसी महासभा, रायपुर और फग्गू लाल नागेश मोटिवेशनल स्पीकर, ट्राइबल हिस्ट्री एवं कल्चर स्कॉलर, गरियाबंद छत्तीसगढ़ होंगे। शाम 4 बजे से प्रशिक्षण सत्र में संजीव सुखदेवे, मोटिवेशनल स्पीकर, पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, छत्तीसगढ़, सुमेघराज प्रशासनिक, मोटिवेशनल स्पीकर भिलाई, डा अमित टंडन मोटिवेशनल स्पीकर कुरूद धमतरी, अजय कुमार कोल्हे राज्य सचिव एनस्टेप, एनआईटी रायपुर, अभिनंदन बाला प्रबंधन विशेषज्ञ, भिलाई, अखिल राज निगम भिलाई और उमेश महिलानी मार्गदर्शन देंगे। शाम 6 बजे से सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए काम कर रहे छत्तीसगढ़ के सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता भगवान गवई मुंबई करेंगे। 19 जनवरी को सुबह 10.00 बजे से प्रशिक्षण सत्र में छत्तीसगढ़ के युवक युवतियों को उद्यमिता विकास हेतु मार्गदर्शन भगवान गवई मुंबई, संजय गजघाटे, उद्योग विभाग रायपुर, अश्वनी बंजारा कृषि विभाग रायपुर, शकुंतला केसकर, सफल उद्यमी भिलाई, वाय के डिंडोरे मत्स्य विभाग रायपुर संजीव सुखदेवे उद्योग विभाग रायगढ़, डा आर के रामटेके, प्रोफेसर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग मार्गदर्शन देंगे। दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे दो अलग-अलग संविधान सत्र होंगे। जिसमें भारत का संविधान-अपेक्षाएं और यथार्थ तथा भारत का संविधान-हमें क्या करना चाहिए विषय पर पर प्रो सुरेश माने, संविधान विशेषज्ञ, पूर्व प्रोफेसर मुंबई यूनिवर्सिटी मुंबई का उद्बोधन होगा। शाम 6 बजे से पांचवें सत्र में भगवान गवई और प्रोफेसर सुरेश माने एससी एसटी ओबीसी और माइनॉरिटी वर्ग के उद्योगपतियों और व्यवसायियों से बेहतर बिजनेस ग्रोथ और इंटरनेशनल बिजनेस लिंकेजेस की संभावनाओं पर अनौपचारिक बातचीत करेंगे।

# 'संविधान एवं भारत की संकल्पना' पर प्रोफेसर आरिफ का व्याख्यान 14 को

**भिलाई।** पार्क फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ की ओर से भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान संवाद श्रृंखला के अंतर्गत संविधान संवाद-2 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई और पार्क फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 जनवरी मंगलवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मोहम्मद आरिफ का व्याख्यान भिलाई में रखा गया है। नागरिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध पूरे देश में सम्मानित शिक्षाविद, अध्येता इतिहासकार प्रोफेसर आरिफयहां 'संविधान एवं भारत की संकल्पना' विषय पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करेंगे।

Aavas
SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA
**आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड**
(सीआईएन: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्कायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020, राजस्थान, भारत | फोन: +91 141 661 8800
फैक्स: +91 141 661 8861 | ईमेल: info@aavas.in | वेबसाइट: www.aavas.in
**सार्वजनिक सूचना**
**कंपनी की धमतरी शाखा को नए स्थान पर स्थानांतरित करने की सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की धमतरी शाखा इस सूचना की तारीख से तीन महीने बाद पहली मंजिल, बिंद्रा बिल्डिंग, म्यूनिसपल स्कूल चौक, रेसाई पारा पश्चिम वार्ड, बस्तर रोड, धमतरी-493773, छत्तीसगढ़ से दूसरी मंजिल, पीएचएन 33, पुराना जोधपुर वार्ड, न्यू अंबेटकर वार्ड, सोनकर प्लाजा, रुद्री रोड, धमतरी-493773, छत्तीसगढ़ स्थान पर स्थानांतरित कर दी जाएगी।
आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के लिए
एसडी/-
शरद पाठक
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
दिनांक: 13 जनवरी 2025
स्थान: धमतरी

## संपादकीय

### रक्षा क्षेत्र परिवर्तनकारी वर्ष

**रक्षा** क्षेत्र में 'परिवर्तन का वर्ष' रक्षा विनिर्माण तथा खोज को आवश्यक गति दे सकता है। भारत के रक्षा क्षेत्र में 2025 में परिवर्तनात्मक बदलाव हो सकता है। रक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष महत्वाकांक्षी लक्ष्य बनाया है जिसमें खरीद प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण, स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार तथा शोध एवं विकास-आरएंडडी को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस वर्ष को 'परिवर्तन का वर्ष' घोषित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा अन्य सर्वोच्च अधिकारियों ने दीर्घकालीन चुनौतियों को संबोधित करने का एक दृष्टिकोण सामने रखा है तथा रक्षा क्षेत्र में देश को ज्यादा आत्मनिर्भर व प्रतियोगी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार के प्रमुख लक्ष्यों में से एक रक्षा अधिग्रहर प्रक्रियाओं-डीएपी का पुनर्गठन करना है। जटिलता और अक्षमता के कारण इन प्रक्रियाओं की आलोचना होती रही है। अब इनको ज्यादा सहज, हल्की तथा ज्यादा तेज प्रक्रिया में बदला जाएगा। इसका उद्देश्य सरकारी समयसीमाओं में कमी करना तथा लंबे समय से रक्षा आधुनिकीकरण में बाधा बनी नौकरशाही बाधाओं को हटाना है। नए ढांचे से न केवल व्यवस्था ज्यादा सक्षम बनेगी, बल्कि इससे स्थापित पक्षों तथा रक्षा क्षेत्र में आने वाले नए उद्यमों के लिए समान कार्य आधार भी बनेगा। खरीद में सुधार के साथ ही सरकार ने स्वदेशी विनिर्माण व आरएंडडी को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

भारत जहां दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी विनिर्माण अर्थव्यवस्था है, वहीं इसकी रक्षा विनिर्माण क्षमता समग्र आर्थिक स्थिति की तुलना में काफी छोटी है। यह कमी दूर करने के लिए सरकार ने रक्षा आरएंडडी के लिए ज्यादा संसाधन आबंटन की योजना बनाई है। रक्षा शोध एवं विकास संगठन-डीआरडीओ ने आरएंडडी खर्च को आने वाले वर्षों में रक्षा बजट के 5 प्रतिशत से बढ़ा कर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। एयरो इंजनों के विकास जैसे क्षेत्र पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। भारत को इन महत्वपूर्ण तकनीकों के देश में विकास पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार ने विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं-ओईएम के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने के संकेत दिए हैं जो इस क्षेत्र में प्रगति के लिए जरूरी होगा। हालांकि, इसके लिए भारी निवेश आवश्यक होगा जो 50,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है। सरकार ने ढांचागत संरचनायें बनाने के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इसके साथ ही एयरो इंजनों तथा संबंधित तकनीकों के सफल सह-विकास के लिए व्यापक स्तर पर विशेषज्ञता की जरूरत होगी। सरकार की एक और महत्वपूर्ण पहल ज्यादा प्रतियोगी रक्षा उद्योग इकोसिस्टम स्थापित करना है। वर्तमान समय में भारत का रक्षा क्षेत्र अधिकांशत: सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों द्वारा संचालित है। सरकार का उद्देश्य इस क्षेत्र में स्टार्टअप तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों की सहभागिता को बढ़ावा देना है। इसके लिए आवश्यक नीतिगत परिवर्तन किए जाएंगे। हालांकि, इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के बावजूद भारत के रक्षा इकोसिस्टम को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से एक बड़ी बाधा तुलनात्मक रूप से एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में छोटा विनिर्माण आधार है। यहां भारत को अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा अद्यतन तकनीकों का विकास करने की असीम संभावना है, पर अब तक इसका प्रयोग नहीं किया गया है। इसके साथ ही भारत में रक्षा क्षेत्र के समक्ष पुरानी पड़ चुकी नीतियों तथा प्रस्ताव तैयार करने में विलंब की बाधायें भी हैं जिनके कारण अक्सर प्रक्रियायें जटिल होती हैं और समयसीमा लंबी खिंचती जाती है। यदि भारतीय रक्षा क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतियोगी तथा खोजी बनाना है तो इन स्थितियों में बदलाव बहुत जरूरी हो गया है। वैसे भारतीय रक्षा क्षेत्र विनिर्माण में विकास का प्रमाण रक्षा निर्यात के रूप में सामने आया है जिसमें भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। पिछले दशक में डीआरडीओ का योगदान भी अधिकतम रहा है।



# पर्यावरण मौसम विज्ञान में आईएमडी का योगदान

## आईएमडी मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान केंद्रित करने से विकसित होकर जलवायु अनुसंधान, आपदा प्रबंधन और वायु गुणवत्ता निगरानी में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है



**राजेश वर्मा**
(लेखक, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष हैं)



**भा**रत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गौरव की बात है। 1875 में स्थापित भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भारत में मौसम विज्ञान और वायुमंडलीय अध्ययनों में अग्रणी भूमिका निभाई है। शुरुआत में मौसम पूर्वानुमान और भूकंप विज्ञान पर केंद्रित विभाग ने धीरे-धीरे जलवायु अनुसंधान, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण निगरानी को शामिल करने के लिए अपने दायरे का विस्तार किया। आईएमडी संभवत: भारत का पहला संस्थान है जिसने सौर विकिरण, वर्षा रसायन विज्ञान, ओजोन, एरोसोल ऑप्टिकल और भौतिक गुणों के व्यवस्थित रूप से दीर्घकालिक मापन का शुभारंभ किया। वायुमंडलीय संरचना के महत्व को पहचानते हुए, आईएमडी वैश्विक वायुमंडलीय पर्यावरण निगरानी और अनुसंधान कार्यक्रमों में एक सक्रिय भागीदार बन गया और ओजोन छिद्र, वायु गुणवत्ता, वर्षा रसायन विज्ञान, जलवायु परिवर्तन, सौर मंदता एवं प्रभासन अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पूर्व-औद्योगिक युग से पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में स्पष्ट रूप से बदलाव आया है। जलवायु परिवर्तन और परिवर्तनशीलता के विज्ञान के साथ-साथ अनुकूलन और शमन रणनीतियों को समझने के मामलें में आईएमडी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह जलवायु सूचना, परिणामों और सेवाओं के व्यापक उपयोग को सुविधाजनक बनाने में प्रमुख भूमिका निभाता है। आईएमडी को राष्ट्रीय मौसम संबंधी अवलोकन प्रणालियों को संचालित करने; डेटा अभिलेखागार विकसित और बनाए रखने; जलवायु निगरानी करने; जलवायु निदान, जलवायु विश्लेषण और जलवायु आकलन करने का दायित्व सौंपा गया है।

150 वर्षों की अवधि में एकत्र किए गए इन सभी विश्वसनीय और प्रामाणिक आंकड़ों और सूचनाओं ने भारत में जलवायु परिवर्तन का उचित आकलन प्रदान किया है और अनुकूलन एवं शमन उपायों के लिए नीति निर्माण में भी सहायता प्रदान की है। वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान और मूल्यांकन प्रणाली देश में सीएक्यूएम और अन्य प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरणों को जीआरएपी के कार्यान्वयन सहित वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय लेने में सहायता प्रदान करती है।

संगणनात्मक संसाधनों में प्रगति ने उन्नत नियतात्मक रासायनिक परिवहन मॉडल के उपयोग की अनुमति दी, जिससे पहले के अनुभवजन्य और सांख्यिकीय दृष्टिकोण की जगह अधिक सटीक वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान मिले है, जिसमें पहले कुछ सीमाएं थीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से उन्नत वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) विकसित की है।

उन्नत मॉडलिंग प्रारूप में एक उच्च-रिज़ॉल्यूशन पूरी तरह से युग्मित अत्याधुनिक मौसम अनुसंधान और पूर्वानुमान मॉडल शामिल है जो रसायन विज्ञान (आमतौर पर डब्ल्यूआरएफ-चैम के रूप में जाना जाता है) के साथ जुड़ा हुआ है और पूर्वानुमानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक डेटा आत्मसात तकनीकों का उपयोग करके अधिक सटीक प्रारंभिक स्थितियां बनाने के लिए एयरोसोल ऑप्टिकल गहराई पर उपग्रहों से डेटा, भारत भर में वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों से सतह डेटा और धूल एवं पराली जलाने सहित विभिन्न नए और प्राकृतिक स्रोतों से उ च-रिज़ॉल्यूशन उत्सर्जन को शामिल करता है।

सिस्टम के पूर्वानुमान भाग में दो मॉडलिंग कार्यतंत्र शामिल हैं, एक एनसीएआर वायुमंडलीय रसायन परिवहन मॉडल (डब्ल्यूआरएफ-चैम ) पर आधारित है और दूसरा फिनिश मौसम विज्ञान संस्थान मॉडल एसआईएलएएम (वायुमंडलीय संरचना के एकीकृत मॉडलिंग के सिस्टम) पर आधारित है। यह मॉडल दिल्ली में नवीनतम भूमि उपयोग भूमि कवर (एलयूएलसी) परिवर्तन की जानकारी, पृष्ठभूमि एरोसोल और प्रदूषक, धूल भरी आंधी से उत्पन होने वाली धूल, लंबी दूरी के परिवहन और पराली जलाने से उत्पन प्रदूषित अवयवों को ध्यान में रखते हैं।

दिल्ली क्षेत्र के लिए 400 मीटर रिज़ॉल्यूशन पर 72 घंटे की लीड टाइम तक और 10 किमी रिज़ॉल्यूशन पर 10 दिन पहले पूर्वानुमान उपलब्ध हैं। इनमें चेतावनी प्रणाली (ए) दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के लिए 400 मीटर पर वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान, (बी) 400 मीटर रिज़ॉल्यूशन पर दिल्ली/एनसीआर के प्राथमिक और माध्यमिक दबाव पर वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान, (सी) पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए 10 किमी रिज़ॉल्यूशन पर वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान, (डी) दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के वास्तविक समय के अवलोकन, (ई) विभिन्न उपग्रह डेटासेट का उपयोग करके धूल (धूल भरी आंधी) और प्रदूषक अवयवों जैसे प्राकृतिक एरोसोल के बारे में विवरण, (एफ) भारत भर में वास्तविक समय की अग्नि से जुड़ी जानकारी, (जी) गैर-स्थानीय अग्नि उत्सर्जन के योगदान का पूर्वानुमान शामिल है। मॉडल के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासों की आवश्यकता है। पर्यावरण मौसम विज्ञान के क्षेत्र में परिवर्तनकारी नवाचार देखे गए हैं, जिसमें अत्याधुनिक तकनीकों ने वायुमंडलीय गतिशीलता और वायु गुणवत्ता में सटीक, वास्तविक समय का उल्लेख करने की अंतर्दृष्टि प्रदान की है

पर्यावरण मौसम विज्ञान के क्षेत्र में परिवर्तनकारी नवाचार हुए हैं, जिसमें अत्याधुनिक तकनीकों ने वायुमंडलीय गतिशीलता और वायु गुणवत्ता के बारे में सटीक, वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त करना संभव बनाया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) वायु गुणवत्ता और मौसम से जुड़ी घटनाओं का सटीक और तेज़ पूर्वानुमान देने के लिए उपग्रह इमेजरी, ग्राउंड-आधारित अवलोकन और वायुमंडलीय मॉडल से विशाल डेटासेट को संसाधित करके पर्यावरण मौसम विज्ञान को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों और आर्थिक लागतों को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान की सटीकता आवश्यक है। आईएमडी और संबद्ध संस्थान पर्यावरण निगरानी और वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान में सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

आईएमडी के ऐतिहासिक योगदान ने न केवल भारत की विशिष्ट वायुमंडलीय स्थितियों की वैज्ञानिक समझ में सुधार किया है, बल्कि वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मौसम और जलवायु के क्षेत्र में आईएमडी को वैश्विक रुप से प्रमुख बनाने में उनके अथक परिश्रम के लिए मौसम विज्ञान समुदाय को बहुत-बहुत बधाई।

# म्यांमार में सैन्य शासकों पर संकट

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



**इस** बात के सभी संकेत हैं कि वर्ष 2025 सैनिक रूप से म्यांमार में सत्तारूढ़ सैनिक शासन के लिए निराशाजनक होगा। वह स्पष्ट रूप से विपक्षी नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट-एनयूजी तथा उसकी सशस्त्र शाखा-पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ नस्ली सशस्त्र संगठनों-ईआरओ तथा थ्री ब्रदरहुड एलायंस से लड़ाई में हार रहा है जिसमें म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए शामिल है। यह उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय है। इसके साथ ही तलांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए भी शान राज्य में तथा देश के पश्चिमी हिस्से के राखीन राज्य में सक्रिय अराकान आर्मी-एए भी पीडीएफके गठबंधन में अन्य सेनाओं के साथ शामिल हैं। हालांकि, भविष्य का अनुमान लगाना जोखिक का विषय हो सकता है, पर इस युद्धग्रस्त देश में बदलती घटनाओं से यह अनुमान लगाया जा सकता है। खबरिया वेबसाइट 'इरावडी' में 6 जनवरी, 2025 को एक खबर छपी है-'केवल एक तिहाई म्यांमार में ही सैनिक शासन प्रभावी: एनयूजी'। इसमें एनयूजी के हवाले से बताया गया है कि सैनिक शासन का देश के 330 कस्बों में से केवल 107 पर नियंत्रण रह गया है। पीडीएफ और ईआरओ ने 144 कस्बों या देश के 44 प्रतिशत हिस्से पर पूर्ण या आंशिक नियंत्रण स्थापित कर लिया है। अत्यधिक विश्वसनीय मानी जाने वाली इस वेबसाइट ने 8 जनवरी, 2025 को मौंग कावी का एक लेख-'म्यांमार जुंटा द्वारा जमीनी स्तर पर राष्ट्रव्यापी विरोध को देखते हुए सरकार समाप्त होने की चेतावनी' प्रकाशित किया। इसमें एनयूजी का यह दावा पेश किया गया है कि सैनिक शासक के लगभग 1,500 सैनिक और पुलिस कर्मचारी नागरिक नाफरमानी आंदोलन के साथ आ गए हैं और उनमें से 480 ने 'क्रांतिकारी ड्यूटी' देनी शुरू कर दी है।

'केवल एक तिहाई म्यांमार में ही सैनिक शासन प्रभावी: एनयूजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल 315 अधिकारी युद्ध के दौरान मारे गए तथा 127 घायल हुए। इसी समय कर्नल से मेजर जनरल स्तर तक के 53 वरिष्ठ अधिकारी भी मारे गए, घायल हुए या बंदी बनाए गए। इसके साथ ही 14,093 सैनिक और सीमा सुरक्षा पुलिसकर्मी भी मारे गए तथा 7,363 घायल हुए। सरकार-विरोधी समूहों ने सैनिक शासन के 741 ठिकानों पर कब्जा कर लिया। इनमें से अधिकांश पर नस्ली सेनाओं ने कब्जा किया, पर सैगांग, माग्वे, मांडले, बागो और टनथियारी क्षेत्रों में 162 पर पीडीएफ व पीपुल्स डिफेंस टीमों ने कब्जे किए।

सेना को 2024 में 140 बटालियनों और दो क्षेत्रीय कमांडों से हाथ धोने पड़े। राखीन प्रांत में वेस्टर्न कमांड तथा शान प्रांत में नार्थईस्टर्न कमांड के साथ्ज्ञ ही एक क्षेत्रीय आपरेशन कमांड, पांच सैनिक आपरेशन कमांडों, 6 आपरेशनल अड्डों, दो हवाईअड्डों, 17 सीमा सुरक्षा पुलिस अड्डों तथा अनेक तोपखाना, लाइट इन्फ्रैंट्री बटालियनों तथा आर्टिलरी, लाजिस्टिक, सिग्नल व सैनिक इंजीनियरिंग इकाइयों से भी सेना को हाथ धोने पड़े हैं।

हालांकि, एनयूजी के दावों को पूर्ण सत्य नहीं कहा जा सकता है, पर जमीन से मिलने वाली रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सैनिक शासक की सेना-'सिटटैट' को पिछले साल भयानक धक्का लगा है। 27 अक्टूबर, 2023 को 'आपरेशन 1027' शुरू करने के बाद से थ्री ब्रदरहुड एलायंस को काफी सफलतायें मिली हैं। एए ने लगभग पूरे राखीन प्रांत पर अप्रैल, 2024 में नियंत्रण स्थापित कर लिया था। एक बड़े घटनाक्रम में एमएनडीएए ने 31 जुलाई, 2024 को दावा किया था कि उसने लाशियो में सिटटैट के सैनिक अड्डे पर कब्जा कर लिया है। यह चीन से लगी सीमा के शान राज्य में एक शहर है। इसके हवाईअड्डे पर भी विद्रोहियों द्वारा कब्जा सैनिक शासक के लिए बड़ा धक्का है। विवेक शंकर ने 'द न्यूयार्क टाइम्स' में 5 अगस्त, 2024 को लिखा, 'लाशियो शहर और उसका हवाईअड्डा चीन के यूनान प्रांत के साथ महत्वपूर्ण व्यापार कारीडोर पर स्थित है। चीन ने सीमा के दोनों ओर रेल व अन्य ढांचागत परियोजनाओं पर करोड़ों मिलियन डालर खर्च किए हैं।' उत्तर में सफलताओं के साथ ही जुंटा-विरोधी बलों ने उत्तरी मांडले में चार कस्बों पर कब्जा किया। 'अल जजीरा' में 23 सितंबर, 2024 को प्रकाशित एंड्रयू नाकीमेसन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कब्जे से मांडले शहर मार के दायरे में आ गया है जो म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहरी केन्द्र है और जहां लगभग 2 मिलियन लोग रहते हैं।

8 अक्टूबर, 2024 को सिटटैट को क ाचीन इंडिपेंडेंस आर्मी-किया द्वारा पिनलेबू कस्बे पर कब्जे से भारी नुकसान उठाना पड़ा जो सैनिक शासन से लड़ने वाली गठबंधन सेनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सैगांग क्षेत्र और काचिन राज्य की सीमा पर स्थित कावलिन कस्बे और निकटवर्ती क्षेत्रों पर भी विपक्षी बलों ने कब्जा कर लिया है। अपनी भू-रणनीतिक स्थिति के साथ ही इस कस्बे के पतन से सिटटैट की स्थिति स्पष्ट होती है। खबरिया वेबसाइट 'द इरावडी' में 14 अक्टूबर, 2024 को प्रकाशित सा लिन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एनयूजी का दावा है कि 670 हवाई हमलों तथा 5,000 से ज्यादा बम गिराने के बावजूद जुंटा के 800 सैनिकों को पराजित किया गया। इस युद्ध में जुंटा के 70 सैनिक मारे गए, 275 गायब हैं, 225 घायल हैं, 48 ने आत्मसमर्पण कर दिया तथा 102 पकड़े गए। इसके साथ ही लगभग 400 हथियार व अन्य सैनिक उपकरण जब्त किए गए।

नस्ली अराकान सेना द्वारा पश्चिमी राज्य के 17 कस्बों में से 14 पर कब्जे के बाद दिसंबर, 2024 में राखीन राज्य में जुंटा के पश्चिमी कमांड मुख्यालय के तीन कस्बे छीन लिए गए। 1 जनवरी, 2025 को सिटटैट को सैगांग में एक मजबूत पुलिस स्टेशन से पीछे हटना पड़ा जिसे क्षेत्रीय प्रतिरोधी बलों ने लगभग एक साल से अपने घेरे में ले रखा था। इससे उनको क्षेत्र में कार्रवाई में सहायता मिली। माउंग कावी की उपरोक्त रिपोर्ट के अनुसार, जुंटा को राखीन, चिन, काचिन और करेन राज्यों में कस्बों और अड्डों से हाथ धोना पड़ा है और वह 2024 में उत्तरी शान राज्य में खोए हुए स्थानों पर पुन: कब्जे के लिए कोई अभियान चलाने में अक्षम है। इससे पता चलता है कि सिटटैट की हालत बहुत खराब है। इससे उसमें आंतरिक असंतोष पैदा हो गया है। अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। अनेक युवा अधिकारी इस बात से दु:खी हैं कि लगभग पूरा देश उनके खिलाफ हो गया है। 'ये मायो हेन' में 4 मई, 2023 को प्रकाशित फीचर युनाइटेड इंस्टीट्यूट आफ पीस में पेश किया गाय था। इसके अनुसार सिटटैट की संख्या जो विद्रोह के पहले कुल 300,000-400,000 थी अब घट कर केवल 150,000 रह गई है।

इस घटी हुई शक्ति के कारण सिटटैट एक लड़ाकू शक्ति नहीं बना रह सकता है और उसकी सरकार बने रहना और भी कठिन है। हालांकि, सैनिक शासक के पास अभी टैंक, बख्तरबंद वाहन, तोपखाना और वायुसेना है, पर टैंकों व बख्तरबंद वाहनों से नस्ली बलों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में कार्रवाई करना बहुत कठिन है।

अत्यधिक घने जंगलों, पहाड़ी क्षेत्र, गहरी खाइयों तथा खड़ी चढ़ाइयों वाले क्षेत्र छापामार युद्ध के सर्वाधिक उपयुक्त हैं। इसके साथ ही हवाईहमलों और तोपखानों से युद्ध नहीं जीते जाते हैं, भले ही उनको हथियारबंद और प्रशिक्षित इन्फैंट्री का समर्थन प्राप्त हो। यदि ऐसा न होता तो अमेरिका वियतनाम में विजय प्राप्त कर लेता।

## आप की बात

### बढ़ता पारिवारिक असमंजस

**विवाह** को सात जन्मों का बंधन कहा जाता है दंपत्ति एक-दूसरे के साथ अपनी जिम्मेदारियों और वचनों को स्वीकार करते हैं, एक शाश्वत संबंध का निर्माण करते हैं। लेकिन विडम्बना है कि वर्तमान में लगातार बढ़ते तलाक और पारिवारिक कलह के मामले निश्चित तौर पर एक प्रमुख सामाजिक समस्या बन चुके हैं बदलते दौर में जहाँ एक ओर आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत पसंद को अधिक महत्व दिया जा रहा है, रिश्तों में अक्सर उम्मीदें और आवश्यकताएँ बदल रहीं हैं इसके दुष्परिणाम रिश्तों में कड़वाहट के रूप में सामने आ रहे हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता , करियर की प्राथमिकताएँ ,बदलती सामाजिक मान्यताएँ इत्यादि वो प्रमुख कारण हैं जो इन दिनों सामने आ रहे हैं जिन पर अक्सर दम्पत्ति अलग अलग राय रखते हैं। आज आवश्यकता है कि विवाह जैसे पवित्र बंधन को इस प्रकार अपमानित न किया जाए। एक दूसरे को ठीक प्रकार से समझकर और खुद से आगे अपने जीवनसाथी की खुशियों को रखकर सोचना चाहिए। संवाद की कमी जैसी समस्या को संवाद द्वारा ही सुलझाया जा सकता है। विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं अपितु दो परिवारों का मिलन होता है । अलगाव होने पर दो परिवार टूटते हैं इस बात को समझना चाहिए। दाम्पत्य जीवन मे गलतफहमियां हमारे रिश्ते की डोर को कमजोर न कर दें ये समझना होगा।

– **नितिन रावत**, फ़िरोज़ाबाद

### उपराष्ट्रपति का कथन

**उच्च** स्तरीय परीक्षाओं के बार-बार लीक होते पेपरों पर उप राष्ट्रपति के बेबाक विचार पठनीय है। पेपर लीक को गंभीर राष्ट्रीय चिंता बताते हुए जगदीप धनखड़ ने इसे एक व्यापार की संज्ञा दी है। उनका मानना है कि पेपर लीक होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष नहीं रह जाती है। दिन रात एक कर छात्र तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक होते ही उनकी मेहनत पर पानी फिरना एक बड़ा झटका होता है। आए दिन लीक होते पेपरों से त्रस्त विद्यार्थी इन मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने लगे हैं। धनखड़ की यह चिंता भी जायज ही है कि छात्रों को अब परीक्षा के साथ-साथ पेपर लीक का भी डर सता रहा है। आज हर बड़ी परीक्षा किसी न किसी मिलीभगत का शिकार होती ही है। कड़ी मेहनत के बावजूद विद्यार्थियों को सफलता न मिलना उन्हें गहरे अवसाद में ले जाता है। समय और पैसा खर्च करने के बावजूद अगर योग्य विद्यार्थी वंचित रहते हैं तो यह अन्याय ही है। हालांकि केंद्र सरकार सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 लाई है जिससे विद्यार्थियों को थोड़ा संबल मिला है इससे निष्पक्षता और पारदर्शिता की उम्मीद जगी है। इन हालातों में अगर विपक्ष परीक्षा प्रणाली पर उंगली उठाता है तो यह जायज है। सरकार पेपर लीक की समस्या पर कड़ी कार्रवाई और सख्त कानून बनाकर विद्यार्थियों के साथ हो रहे अन्याय को रोके।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### पीएम मोदी की सादगी

**एक** खबर के अनुसार पॉस्टकॉस्ट पर दिए एक इंटरव्यूह में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री होते हुए भी अपनी सादगियों को बनाये रखा और कहा कि मैं जैसा सामान्य नागरिक था आज भी वैसा ही हूँ. फैसले लेने में गलतियां हुई है क्योंकि मैं इंसान हूँ भगवान् नहीं पर उसके प्रति नीयत हमेशा साफ़ रही. हमेशा मेरे मन में ग़रीबों के प्रति उनके लिए बेहतर काम करने की इच्छा रही। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों में प्रतिभावान युवाओं के प्रवेश का आह्वान किया और कहा कि वे राजनीति में आएं और देश की उन्नति के लिए काम करें. जरुरी नहीं कि वे पदों पर रहकर ही कार्य करने की इच्छा रखें बल्कि जनभागीदार बनकर भी समाज सेवा के कामों में हाथ बंटाएं. उनकी बात सही है. किन्तु आजकल राजनीति में लोग जाते ही इसीलिए हैं कि पद, पैसा और ख्याति मिले. स्वार्थी राजनीतिक दलों ने राजनीति को भी गंदा कर दिया है. इस वजह से उसमें अपराधबोध भी बढ़ गया है. राजनीति को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए वोटों की राजनीति का त्याग करना जरुरी है. बढ़ते राजनीतिक भ्रष्टचार पर भी कैसे अंकुश लगाया जा सके व वाणी संयम कैसे रुके उसके लिए भी उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। हमारे प्रधानमंत्री देश व देशवासियों के उत्थान के लिए रातदिन खूब मेहनत कर रहे हैं और दुनिया में भारत को हर तरह से सशक्त बनाने में लगे हुए हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### सद्भावना संदेश

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह के 813वे उर्स के अवसर पर पवित्र चादर दरगाह पर चढ़ाई गई. केंद्र में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजुजी ने सूफी संत शेख मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर पवित्र चादर चढ़ाई और बुलंद दरवाजे पर प्रधानमंत्री के संदेश भी बुलंद दरवाजे पर जायरीनों के लिए पढ़ा गया. दिल्ली के उपराज्यपाल एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भी चादर अजमेर शरीफ दरगाह पर सम्मान चढ़ाई गई है राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी सिंह की तरफ से भी अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री इमरान हुसैन के माध्यम से अजमेर शरीफ पर चादर चढ़ाई गई. देश के सभी राष्ट्रीय नेताओं के द्वारा देश में अमन चैन की दुआ की गई. हम सभी देश के प्रधानमंत्री अन्य राष्ट्रीय नेताओं के द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाना सद्भावना बढ़ाने वाला कार्य है जिसके लिए देश के लिए सभी राष्ट्रीय नेताओं को मुबारकबाद देनी चाहिए, हम उम्मीद करते हैं कि देश में अमन चैन एवं शांतिपूर्ण माहौल कायम रहे है, ताकि देश प्रगति करें और विश्व में भारत की साख और मजबूत हो।

– **वींरेंद्र जाटव**, नई दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अन्नदान के परब छेरछेरा : बीजगोड़ स्कूल के नन्हें बच्चे छेरछेरा मांगने निकले गांव में

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक त्यौहार छेरेछेरा, शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में बड़े ही हर्षोल्लास और पारम्परिक ढंग से मनाया गया। विद्यालय के छोटे बच्चे गाँव के तमाम घरों में छेरी के छेरा, छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेरहेरा पारम्परिक लोकगीत गाकर अन्न माँगते नजर आये। शाला नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि किसान अपनी फसलों को काट और मिंजाई कर नया अन्न अपने घरों में भंडारण कर चुके होते हैं। यह पर्व दान देने का पर्व है।किसान अपने खेतों में साल भर मेहनत करने के बाद अपनी मेहनत की कमाई दान देकर छेरछेरा तिहार मनाते हैं। यह त्यौहार पौष मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन बच्चे गाँवो में टोली बनाकर घर घर अन्नदान माँगते हैं। पुरानी मान्यता है कि एक बार धरती में घोर अकाल पड़ा, लोग भूख प्यास से मरने लगे। तब आदि देवी शाकम्भरी देवी की पुकार की गई।शाकम्भरी देवी ने प्रकट होकर अन्न, फल, फूल औषधी का दान दे गई।इससे सभी ऋषिमुनि, जीव जंतु संतुष्ट हुये। इसी की याद में छेरछेरा पर्व मनाने की बात कही गई है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन माँगने वाला याचक ब्राह्मण के रुप में होता है और देने वाली महिला शाकम्भरी देवी के रुप में होती है। छेरिकछेरा, छे अरिक से मिलकर बना है अर्थात मनुष्य के अंदर के छ विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, तृष्णा, अहंकार। जब बच्चे कहते हैं छेरिकछेरा छेरबरतिनन, माई कोठी के दान ल हेरहरा, तो इसका अर्थ होता है हे देवी, हम तेरे द्वार पर आये हैं हमें दान देकर हमारी भूख, प्यास और दुख का अंत कीजिये। यही कारण है कि इस दिन महिलायें, याचक को अन्न, फल, फल देकर विदा करती है। इस दिन कोई भी महिला किसी भी याचक को खाली हाथ नहीं जाने देती। अपनी क्षमतानुसार अन्न, धन दान जरूर करती है। अरन बरन कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन अर्थात जब तक हमें भंडार से अन्नदान नहीं करेंगे तब आपके द्वार से नहीं हटेंगे। इस दिन बच्चे घर घर जाकर अपनी नृत्य, गीत कला दिखाते हैं और अन्नदान के परब का आनंद लेते हैं।

# मड़ई मेला संस्कृति व परम्परा को बढ़ावा देने का बेहतर मंच : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



नगर उत्सव समिति उतई के तत्वावधान में आयोजित उतई मंडई मिलन उत्सव कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां ज्ञान दायिनी सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। रात्रि कालीन प्रोग्राम रंग सरोवर छत्तीसगढ़ी लोककला मंच बारुका गरियाबंद की अनुपम प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मंडाई मेला कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। जहाँ हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसका आनंद लेने का अवसर प्राप्त करते हैं। यह हमें अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को बनाए रखने में मदद करता है और हमें अपने समाज के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।आज के इस कार्यक्रम में, मैं मंडाई मेला उत्सव मिलन के आयोजकों और प्रतिभागियों को उनके प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूँ। आपके प्रयासों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में मदद मिलती है और हमारे समाज को एकजुट करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि उतई नगर का मंडाई मेला दुर्ग जिले का सबसे बड़ा मड़ाई है। जो तीन दिन तक चलता है। यहां सबसे पहले पशुओं का सबसे बड़ा मेला लगता था खेती किसानी के लिए बैल यही से लेकर जाते थे, गांव में ऐसे आयोजन होने से परिवार के सभी लोग आपस में मिलजुल कर भव्य तरीके से आयोजन मानते हैं घर में मेहमान आते हैं बेटी माई आते है परिवारिक एकता बढ़ती है मड़ाई मेला का बहुत ही पौराणिक महत्व है किसान भाई अपने फसल की मिजाई कुटाई करने के बाद, एक दिन समय निकालकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर मड़ाई मनाया जाता है इसका इंतजार सालभर सभी को रहता है, सभी अपने अपने जरूरत की समान खरीदते है और रात में संस्कृति कार्यक्रम का आनंद लेते हैं आज के इस कार्यक्रम में, मैं मंडाई मेला उत्सव मिलन के आयोजकों और प्रतिभागियों को उनके प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूँ। आपके प्रयासों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में मदद मिलती है और हमारे समाज को एकजुट करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष उतई डीकेन्द्र हिरवानी, उपाध्यक्ष रवींद्र वर्मा, पार्षद गण योगेश ठाकुर, सरस्वती साहू, मनोरमा देवांगन, सतीश चंद्राकर, दीपमाला देशलहरे, भीमसेन सिन्हा, तोशन साहू, किरण गोस्वामी, संतोषी कुंजाम, प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, राकेश साहू, सुरता सिंह, शैलेंद्र शेंडे, पद्मश्री राधेश्याम बारले, शीतला ठाकुर, सोनू राजपूत, चंदू देवांगन, रूपेश पारख, नरेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, हुबलाल चंद्राकर, वैभव देवांगन, बृजमोहन साहू, कांतिलाल साहू, भीष्म देवांगन, नीलम गड़े, तारकेश्वर साहू, शुभम वर्मा, चिंटू सिन्हा, दुर्गा सेन, ज्योतिप्रकाश साहू, घनश्याम चंद्राकर, खूबीलाल साहू, किशोर साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा पहुंचे राम कथा महोत्सव कार्यक्रम में

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा शहर के किसान भवन प्रांगण में स्व.पं.प्रवीण कृष्ण शास्त्री (पिंकू महराज)के स्मृति में ब्रम्हादेव नवधा सत्संग नवयुवक समिति कुर्मीपारा एवं समस्त नगरवासी बेमेतरा द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय श्री रामकथा महोत्सव एवं स-स्वर मानसगान प्रतियोगिता भव्य 29वाँ वर्ष में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने सर्व प्रथम प्रभु श्रीरामचंद्र भगवान का विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए, साथ ही समस्त जनमानस के सुख समृद्धि की कामना की ईश्वरपुर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सभी के इष्ट हैं। राम कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य जन्म के पापों का निवारण हो जाता है ऐसे में ब्रह्मदेव नवधा सत्संग नवयुवक समिति कुर्मी पर के द्वारा जो यह राम कथा महोत्सव मनाने का जो निर्णय लिया गया है वह बहुत ही सराहनीय है। मैं समिति को आभार करता हूं जिन्होंने मुझे इस पावन महोत्सव में आमंत्रित किया तथा मुझे भी राम कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शाकुंतला मंगत साहू रश्मि मिश्रा पार्षद रीता पांडेय महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष नाथू सेन लक्की साहू अध्यक्ष किसान समिति बेमेतरा मनोज रजक धनेश वर्मा विकास चौबे तुलसी रजक भागवत वर्मा फेकू वर्मा संतोष अशोक वर्मा राजेंद्र रजक मुरली वर्मा मेहतर वर्मा उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवाशी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# बेमेतरा में फ्लॉवर शो एवं निःशुल्क प्रतियोगिता में विविध पौधों का प्रदर्शन


पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा में दो दिवसीय फ्लॉवर जो एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पौधों की विभिन्न केटेगेरी रखी गई। जिसमें होम गार्डन, किचन गार्डन टेरेस गाईन, क्रोटन, कैक्टस, जलीय, औषधीय, फ्लो - सब्जियों, फूलों एवं बोनसाई पौधों की कैटेगरी रखी गई थी। प्रतियोगिता के आयोजकों रश्मि ताम्रकार, भाग्यश्री पोल, रानी रवानी, सुशील शर्मा, मनीष पटेल के अनुसार इस प्रतियोगिता व फ्लावर शो का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति को पेड़-पौधों की जानकारी हो एवं सभी प्रकृति के करीब रहकर पर्यावरण सुरक्षा हेतु अपना योगदान दें। बेमेतरा शहर हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त हो। इस तीसरे वर्ष के आयोजन में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद, अध्यक्षता दीपेश साहू विधायक विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण साहू एसपी संदीप भंडारकर (अधिष्ठाता कृषि महा. बेमेतरा, तोषण ठाकुर (वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र) रहे। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शहर हरा-भरा रखने की जन-जागृति आती है। सामान्यतया ऐसे आयोजन बड़े शहरों में किये जाते है परंतु बेमेतरा जैसे छोटे शहर में यह आयोजन होना स्वतः में बहुत बड़ी बात है। तिथि अनुसार राम तला के मंदिर की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा होने की शुभकामना दी। दीपेश साहू विधायक, बेमेतरा ने कहा कि यह आयोजन निरंतर बेमेतरा वासियों को प्रकृति से जुड़ने हेतु जागरुक कर रहा है जो प्रशंसनीय है। पूर्व न.पा.अध्यक्ष विजय सिन्हा ने समस्त आयोजकगणों को इस सराहनीय कार्य के लिये बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम में वे हमेशा सहयोगी रहेंगे। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता संदीप भंडारकर ने पर्यावरण से संबंधित जानकारियाँ दी एवं इस कार्य की सराहना की डॉ. तोषण ठाकुर (वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा) ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर एवं लोगों को प्रकृति को सहेजने की प्रेरणा देते हैं। प्रकृति, फूल, वनस्पति, जीव, जंतु, पशु, पक्षी की जैव विविधता को बनाए रखने एवं मनुष्यों के सहज विविधता के भाव को समझने में सक्षम होते हैं।

# हिन्दू शक्ति मंच के प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हिन्दू शक्ति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश तिवारी ने संगठन का विस्तार करते हुये प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसके अनुसार हरजिन्दर सिंग रंगी प्रदेश महासचिव, भूपेन्द्र मिश्रा, शिखर सिंह, आशुतोष मिश्रा एवं अधिवक्ता ओमप्रकाश साहू प्रदेश सचिव, राजेश ठाकुर, अरुण चतुर्वेदी, विजय कुमार साहू, राजू वनवे, देवकुमार निषाद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं अधिवक्ता अकुंर गुप्ता विधिक सलाहकार नियुक्त किये गये है। वहीं दुर्ग जिलाध्यक्ष शंकर बघेल, बेमेतरा जिलाध्यक्ष ललित साहू, रायपुर जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा, बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष योगेश वर्मा, राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष ललित निषाद, बालोद जिलाध्यक्ष हरीश गंजीर, धमतरी जिलाध्यक्ष मोनिका ठाकुर एवं गरियाबंद जिलाध्यक्ष पद पर गोपेश शर्मा का मनोनयन किया गया है। हिन्दू शक्ति मंच के अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष- खेमचंद जैन, वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष- गणेश प्रसाद जंघेल, पाटन विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष योगेन्द्र साहू, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश साहू, नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष आकांक्षा जांगड़े, साजा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष परमेश्वर साहू, कुरुद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू, जामुल ब्लॉक अध्यक्ष योगेश देशलहरे, दुर्ग नगर अध्यक्ष राजू सोनकर, भिलाई-3 नगर अध्यक्ष नरोत्तम साहू, जामुल नगर अध्यक्ष शिवकुमार चौहान, औद्योगिक क्षेत्र हथखोज भिलाई अध्यक्ष रविन्द्र कुमार पाण्डेय एवं बेमेतरा नगर अध्यक्ष पद पर टीकाराम साहू की नियुक्ति की गई है।

# सौभाग्य शाली को मिलता है मानव जीवन : शास्त्री

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयाग महाकुभं मे पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरू शंकराचार्य महाभाग के शिविर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री महाराज ने कहा कि बड़ा ही दुर्लभ जीवन है। यह बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है तथा मनुष्य जीवन में ही परमात्मा तत्व की प्राप्ति सुलभ हो सकती है। भागवत कथा का आनंद भी इस मनुष्य जीवन में ही जीव को प्राप्त होता है। अन्य योनियों में नहीं क्योंकि मनुष्य भजन, दान, पूजन, जप, तप इत्यादि करने में सक्षम है। इस मृत्यु लोक में सांसारिक सुख साधनों का भोग करता हुआ। सेवा दान भजन द्वारा परलोक में काम आने वाला पुण्य भी कमा लेता है। जिन पुण्य के द्वारा परलोक से सुख भोंकते हुए परमात्मा की प्राप्ति कर लेता है। जरूरी नहीं है जो कुछ मनुष्य ने संग्रह किया वह भोग स्वरूप प्राप्त हो क्योंकि वह कभी भी मृत्यु का ग्रास बन सकता है। इसलिए मनुष्य को सेवाधर्म, दान, भजन के द्वारा अपने जीवन को सार्थक कर लेना चाहिए। क्योंकि यह जीवन बड़ा ही अनमोल है। वैसे ही गज, ग्राह, गणिका भी श्री हरि के नाम के प्रभाव से मुक्ति को प्राप्त किये। राम नाम नृरसिंह भगवान है। कलयुग हिरण्यकश्यप के समान है। जप करने वाला मनुष्य प्रहलाद के समान है। कलयुग में दान की विशेष महत्व बताते हुए। महाराज ने बली की दानवीरता का वर्णन किया प्रहलाद के पौत्र महाराज बलि ने भगवान श्री वामन को अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। समग्र समर्पण करने वाले के यहां स्वयं भगवान ही उनके रक्षक बनकर रहते हैं। सुतल लोक में आज भी भगवान उनके द्वारपाल है। जहां स्वयं माता लक्ष्मी भी मनुष्य वंश में बली को भाई के रूप में सूत्र बांधकर दक्षिणा के रूप में अपने पति भगवान श्री नारायण को मांगने गई थी। जीवन में उपासना करने वालों को मां लक्ष्मी के साथ साथ भगवान श्री नारायण की उपासना करनी चाहिए। हमारे यहां एक-एक अवतार के एक-एक पुराण की रचना हुई है। इस कथा का विस्तार वामन पुराण में तथा मत्स्य पुराण में है। आचार्य शास्त्री कथा भाग के चतुर्थ दिवस में समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाएं कहां की भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है। यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है। लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लाग रहे हैं। श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं। इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है। व्यास पीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है। इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने और सुनने वाले दोनों को इसके प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना चाहिए। तभी आयोजन की सार्थकता है।

# विधायक ने ग्राम रसमडा व खुरसुल में 22.21 लाख रुपए की नवीन विकास कार्यों की दी सौगात



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास, सुगम आवागमन एवं जनता की सुविधाओं के विस्तार हेतु विधायक ललित चंद्राकर द्वारा निरंतर प्रयासों से लगातार करोड़ों रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसमडा में दशहरा मैदान में निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन लागत राशि 09.71 लाख रुपए, स्कूल परिसर सीसी रोड निर्माण लगात राशि 4.50 लाख रुपए नवीन कार्य का निर्माण, ग्राम खुरसुल कृषि उपज मंडी परिसर 8.50 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सीसी रोड नवीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार निरंतर लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम कर रही हैं। हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। धान के कटोरे की पहचान जिन किसान भाइयों से है, वे सुखी समृद्ध रहें इसके लिए हम किसान भाइयों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद रहे हैं। पिछली बार हमने 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा, इस बार उम्मीद है कि धान खरीदी का यह आंकड़ा 160 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा।

## 21 वें ज्ञानोदय उत्सव में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व गृहमंत्री

# बेहतर शिक्षा और संस्कार देने में ज्ञानोदय स्कूल का प्रयास सराहनीय : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




मां भद्रकाली शिक्षण समिति द्वारा संचालित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा में 21वें वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका तिवारी ने अतिथियों व पालकों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार अपनी 21 वर्ष की यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने की ओर अग्रसर है जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व शिक्षकों के समर्पण को दर्शाता हैं। विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि विगत 4 वर्षो से प्रदेश स्तर की बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करना बताया। विद्यार्थियों की नींव को मजबूत करने में प्राइमरी के शिक्षक व अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहें। उन्होंने वार्षिक उत्सव व युवा उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करें। जीवन में समय का प्रबंध ऐसा करें कि आप हर कार्य में अपनी भागीदारी दे सकें। जब विद्यालय का नाम प्रतिस्पर्धा व प्रतिष्ठा में आता है तो इसका श्रेय वहां की पूरी टीम को जाता हैं। विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण प्रदान करें, जिससे उनमें कार्य के प्रति निष्ठा व गुणवत्ता का विकास हो।इसके साथ ही, युवा उत्सव में स्वामी विवेकानंद के कोटेशन को जीवन में अपनाने तथा श्रद्धेय बाबा नागराज द्वारा बताए गए जीवन मूल्यों के अनुरूप जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रहें। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में संस्कार की शिक्षा देना अनिवार्य हैं। अच्छे संस्कार देने से विद्यार्थी जीवन में सही राह पर चलकर सही कार्य व व्यवहार करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा ने बताया कि वार्षिक उत्सव का आयोजन छात्र-छात्राओं के छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने व व्यक्तित्व विकास के लिए किया जाता हैं, जिसमें नृत्य, संगीत व नाट्यकला शामिल हैं। जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए असफलता को सकारात्मक भाव से स्वीकार करना अनिवार्य हैं। अगले विशिष्ट अतिथि के रूप में बेमेतरा जिले के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा रहे। उन्होंने बताया कि जब बेमेतरा जिले में मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों की बात आती है तो उनमें ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का नाम जरूर सुनने को मिलता हैं। विद्यालय पढ़ाई, खेल व अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं जो यहां के कार्य व संस्कृति को दर्शाता हैं। प्रदेश स्तर की छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड की 10 वीं परीक्षा में विद्यालय की छात्रा श्रेजल ध्रुवे द्वारा 9 वां स्थान अर्जित करने पर विद्यालय के प्रतीक चिन्ह व प्रोत्साहन राशि से अतिथियों ने सम्मानित किया। 90% व उससे अधिक प्रतिशत प्राप्त छात्र-छात्राओं में चार्ली साहू, काव्या साहू, आरुष्मिता शर्मा, नव्या टंडन, राज कश्यप, अर्चना वर्मा, पीयूष कुमार साहू , काश्वी साहू, निष्ठा पाण्डेय, संस्कृति वर्मा, साक्षी साहू तथा 12वीं परीक्षा में विद्यालय स्तर पर विज्ञान संकाय से आलोक साहू प्रथम, गणित संकाय से छात्रा सानिया सोनवानी प्रथम, कॉमर्स भूपेंद्र वर्मा प्रथम व अन्य विधि पाण्डेय, ज्योति वर्मा, अन्नया ठाकुर व सफीना परवीन उत्कृष्ट स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा विद्यालय के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दल्लीराजहरा।** पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा डॉ चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डौण्डी पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रार्थिया ने 07 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रार्थिया की सबसे छोटी बेटी जो कक्षा नवमीं पढाई कर रही है। जिसकी उम्र 14 वर्ष 05 माह 29 दिन की है, वह 07 जनवरी को रोज की तरह सुबह करीबन 10.00 बजे स्कूल गई थी, जो शाम 5.00 बजे तक वापस घर नही आई। जिसका आसपास, पड़ोसी एवं रिश्तेदारों में पता तलाश किये परअब तक कोई पता नहीं चला है। प्रार्थिया की बेटी जो नाबालिक है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इसकी बेटी को नाबालिक जानते हुए भी माता-पिता के विधिपुर्ण वैद्य संरक्षण की संरक्षता से बहला-फुसला कर भगा ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क्र. 02/2025 धारा 137 (2) कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के परिजन के द्वारा 09 जनवरी को शाम थाना डौंडी लाकर पेश करने पर बरामदगी किया गया है। पीड़िता कथन के अनुसार प्रकरण में धारा 87, 74 बीएनएस 8 पाक्सो एक्ट जोडी गई है। प्रकरण के आरोपी योगेश बढई उर्फ भोंदु पिता हिरेसिंग उम्र 21 वर्ष निवासी मरकाटोला थाना डौंडी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जो अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 11 जनवरी को गिरफ्तार किया गया।

# यातायात पुलिस ने न्यूवोको संयंत्र सोनाडीह में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

## संयंत्र में स्थापित डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा यातायात जागरूकता रैली का भी किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार-भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा माह के दसवें दिन न्यूवोको संयंत्र सोनाडीह में यातायात जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कर, संयंत्र में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों को दोपहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट पहनने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भारी वाहन चालकों को ग्रामीण क्षेत्र एवं रहवासी क्षेत्रों में संयमित गति से वाहन चलाने हेतु हिदायत दिया गया।

इसी कड़ी में संयंत्र में स्थापित डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संयंत्र में यातायात जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बॉये दिशा का प्रयोग करे, चलने के लिए फूटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रास करते समय यह भली-भांति देख ले की दॉये-बाये से कोई वाहन तो नहीं आ रही है। सड़क पार करने के दौरान हाथ का ईशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। बच्चे मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े, वाहन से बाहर हाथ न निकाले, चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रूकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे, स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें। उतरने वाले यात्री को प्राथमिकता देवे। चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है। यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्योहार छेरछेरा धान के दान का पर्व

## बसो के पहिए थमे छेरछेरा पर्व को लेकर

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है वहीं पर शक्ति एवं जांजगीर जिले में धान की पैदावार अच्छी होती है वहीं पर फसल काटने के बाद यह पहला त्यौहार छेरछेरा जिसे धान को बच्चो एवं जवानों को जो दान दिया जाता है उसे छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्योहार छेरछेरा के नाम से जाना जाता है जो पूरे छत्तीसगढ़ में धूम धाम से लोग मना रहे है। जिसमें किसान धान का दान करते हैं वहीं पर डडा नृत्य, सूवा नृत्य करके धान की गुहार करते हैं और किसान लोग धान का दान करके यह छेरछेरा पर्व को मानते हैं ।इस छेरछेरा पर्व में बच्चे, जवान एवं लड़कियां भी घर घर जाकर दान कि मांग किया जाता है जिसमें धान का दान दिया जाता है और घर घर में छत्तीसगढ़ की व्यंजन बरा, भजिया, ढेढरी, खुरमी, बोबरा इत्यादि रोटी बनाई जाती है और एक दूसरे के घर -घर जाकर प्रेम का इजहार करते हैं। छेरछेरा त्यौहार होने से पूरे वाहनों के पहिया थम गए जिससे अन्य एवं दूर दराज से आने वाले आने वाले यात्री को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा सुबह से ही बस नहीं चलने से यात्री भटकती नजर आए इस तरह से चार पहिया वाहन पूर्ण रूप से नगर पंचायत जयजयपुर में थमता हुआ दिखाई पड़ा ।एक और गांव में छेरछेरा की घूम रही तो वहीं पर सड़क वीरान दिखाई पड़े। डंडा नृत्य का जनता ने खूब आनंद उठाएं ।

# तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला ग्राम पंचायत कचंदा में



पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया है जिसमें सिनेमा, झूला खिलौना एवं विभिन्न प्रकार के दुकान सज रहे हैं जहां पर तट वासनी मां खंडेश्वरी मंदिर दरबार को भी दर्शकों के लिए सजाया जा रहा है जहां पर आज मकर संक्रांति होने के वजह से बोराई किनारे तट पर भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए उपस्थित होंगे और मां खम्भेश्वरी का दर्शन करेंगे तथा तीन दिनों का मकर संक्रांति मेला में दूर-दूर से लोग मां खम्भेश्वरी की दर्शन करने एवं मेले का आनंद उठाने के लिए आते हैं मां खंभेश्वरी समिति के द्वारा मेले की देखरेख की व्यवस्था किया जा रहा है। जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु आनंद उठाने के लिए आते हैं। दुकान सज धज कर दर्शकों के लिए तैयार हो गए हैं भारी संख्या में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडते हुए दिखाई देगी ।

# त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

## एकजुट होकर त्रि-पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करेंगे : देवेन्द्र

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में अहम बैठक जिला कार्यालय मे आयोजित की गई। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, पंडित दीनदयाल मुखर्जी छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक शुभारम्भ किया गया। बैठक में त्रि-स्तरीय पंचाय एवं नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को हम सभी पर्व के रूप मे मनायेंगे। उन्होंने कहा कि, त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है और इस चुनाव में हमारे पार्टी के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में चुनाव जीतकर आये, इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को पूरे उत्साह के साथ मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि, आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए मंडल एवं जिला स्तर पर प्रत्याशी चयन समिति बनाया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, जिला एवं मंडल स्तर पर डॉ.भीम राव अम्बेडकर जी सविधान गौरव दिवस के मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि, संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा, जिसमें बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाएगा।

# सत्र 2025 का लीनेस क्लब सक्ति का शपथ ग्रहण रायगढ़ में हुआ सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा का सत्र 25का शपथ ग्रहण समारोह रायगढ़ के अंश होटल में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि शपथ अधिकारी चार्टर अध्यक्ष लीनेस अंजु कटारे ने डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अनीता कपूर के साथ सभी डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों को उनके दायित्व एवं कर्तव्योको बताते हुए पंचतत्व अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश को साक्षी मानते हुए शपथ दिलाया जिसमें सक्ती क्लब से एक्सक्यूटिव आफिसर लीनेस डां शालू पाहवा प्रशासनिक सह सचिव लीनेस अनीता सिंह क्लब अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर, सचिव लीनेस भगवती देवांगन सहसचिव लीनस प्रभा जायसवाल, कोषाध्यक्ष लीनेस पूनम साहू सह कोषाध्यक्ष लीनेस निधि सिंह प्रोजेक्ट प्रमोटर लीनेस निकहत करीम खान चेयरपर्सन लीनेस लता नायक, चेयरपर्सन लीनेस राम कुंवर साहू, चेयरपर्सन लीनेस संगीता तिवारी ने शपथ ली इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट के सभी लीनेस बहने उपास्थित रही।

# अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा 29 वाटर लिफ्टींग पंप किसानों को प्रदत्त

पायनियर संवाददाता < तिल्दा
www.dailypioneer.com



संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं एफएच - एचआर करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में उन्नत कृषि को ध्यान में रखते हुये, अल्ट्राटेक रावन सी एस आर ने शासकीय कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 29 किसानो को पेट्रोल एवं इलेक्ट्रीक पंप प्राप्त करने में प्रत्येक किसान को अंशदान राशि में सहयोग किया। शाकम्भरी योजना अन्तर्गत गांवों के 29 चयनित किसानों को शासन के मापदण्ड को पूरा करने पर यह पंप प्रदान किया गया। पेट्रोल एवं इलेक्ट्रीक पंप वितरण के अवसर पर एक कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुचीन वर्मा ने पेट्रोल एवं इलेक्ट्रीक पंप से होने वाले लाभ के बारे में किसानो को अवगत कराया एवं अल्ट्राटेक को उसकी कार्य का सराहना करते हुए शासन की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खेमलता वर्मा ने किसानों को कृषि से जुडे योजनाओं से अवगत कराया।पेट्रोल एवं इलेक्ट्रीक पंप से लाभान्वित किसान मुख्यता रावन झीपन कसहीडीह, पेंड्री, चुचरुंगपुर, गुमा, तिल्दाबाधां, छिराही, पडकीडीह, खपराडीह गांवो के है। सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने पेट्रोल एवं इलेक्ट्रीक पंप के बहुआयामी उपयोग के बारे में बताया तथा अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सी एस आर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र यादव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा एवं टोपेश्वर मानिकपुरी की भूमिका रही। समस्त किसानो ने अल्ट्राटेक को कृषक अंशदान में राशि के लिए सहयोग प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा में धूमधाम से मनाई गई विवेकानंद जयंती

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर शासकीय महाविद्यालय बगीचा में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया. व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय रायगढ़ के अंग्रेजी के प्रोफेसर जुएल केरकेट्टा उपस्थित हुए. कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण के साथ हुआ. दिव्य पुरुष विवेकानंद की याद में स्वयंसेवकों द्वारा एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि के स्वागत के लिए वरूथिनी एवं ग्रुप के द्वारा एक सुंदर स्वागत गीत पेश किया गया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एनएसएस अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने अपने स्वागत उदबोधन द्वारा मुख्य अतिथि एवं सहभागियों का स्वागत किया. तत्पश्चात बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी रानी कुजूर के द्वारा युवा दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया गया. इसके पश्चात मुख्य वक्ता प्रोफेसर जुएल केरकेट्टा को वक्तव्य हेतु आमंत्रित किया गया प्रोफेसर केरकेट्टा ने अपने मधुर एवं प्रेरणादायक उदबोधन से सभी स्वयंसेवकों का दिल जीत लिया उनके दार्शनिक व्यक्तित्व से सभी विद्यार्थी अत्यंत प्रभावित हुए प्रोफेसर केरकेट्टा ने कहा अपनी युवावस्था को कभी नहीं भूलना चाहिए और इस युवावस्था में ऐसे कार्य करें कि हमेशा याद रहे उन्होंने अपने शानदार वक्तव्य से युवाओं का उत्साह बढ़ाया है उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान एन एस एस में आने वाली चुनौतियों का भी जिक्र किया और कहा आप सभी चुने हुए हैं आपको आपकी मंजिल जरूर मिलेगी व्याख्यान के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा स्वयंसेवक को ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी. उन्होंने महाविद्यालय के स्वयंसेवकों की कार्य प्रगति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि ऐसे ही कार्य पर डटे रहो तो सफलता शीघ्र ही मिलेगी उन्होंने एनएसएस सर्टिफिकेट की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला तथा सभी को सत्य के मार्ग पर प्रतिबद्ध रहनेकी सलाह दी. कार्यक्रम बेहद सफल रहा तथा सभी विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिला कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की लाइब्रेरियन गीतांजलि शर्मा एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही।

# सरस्वती शिशु मंदिर पाली के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक धार्मिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





सरस्वती शिशु मंदिर पाली के विद्यार्थियों ने 11 जनवरी को अपने विद्यालय के प्राचार्य चूड़ामणि साहू के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण किया, इस दौरान पाली से निकले बच्चों ने कोरबा होते हुए दमाउधारा में पर्यटन स्थल का भ्रमण किया साथ ही दमोह धारा से बाबा भोलेनाथ की नगरी तुर्री धाम, शक्ति के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मां अष्टभुजी देवी अड़भार एवं मां चंद्रहासिनी देवी चंद्रपुर का दर्शन विद्यालय परिवार के साथ किया तथा इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य चूणामणि साहू के मार्गदर्शन में विद्यालय के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। तो वही शक्ति के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित भारत माता की आरती कार्यक्रम एवं श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा तथा स्वामी विवेकानंद की जयंती कार्यक्रम में भी सभी विद्यार्थी शामिल हुए तथा उनका उत्साह देखते ही बन रहा था, इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य चूड़ामणि साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को भी शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ले जाया गया एवं बच्चे बेहद प्रसन्न है, शक्ति के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित भारत माता की आरती के कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कपूर चंद्र अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य कुशलाल वर्मा, डमरूधर देवांगन, पूर्व आचार्य बजरंग लाल अग्रवाल, पुरण गिरी गोस्वामी प्राचार्य, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## प्रदेश के नए अध्यक्ष का चयन करते हुए महामंत्री नितेश अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुना गया

# 350 प्रत्याशियों के परिचय के साथ एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के दौ दिवसीय एजुकेटेड वैवाहिक परिचय सम्मेलन का समापन 12 जनवरी को 350 प्रत्याशियों के परिचय के साथ संपन्न हुआ, जबलपुर, नागपुर गोंदिया, टाटानगर, दिल्ली, लुधियाना, कलकत्ता, चेन्नई, कटक, गुड़गांव, दिल्ली सहित 100 शहरों से आए प्रत्याशी राम स्वरुप निरंजन लाल धर्मशाला में बनाए गए आधुनिक स्टूडियो में अपना परिचय दिए जहाँ अभिभावक अपने बच्चों के लिए रिश्ते छाँटते रहे, उल्लेखनीय है कि युवति व युवक प्रत्याशी भी स्टेज में लगे बड़े एलईडी स्क्रीन में अपने लिए वर पसंद करते रहे जिन्हें मिलवाने व चर्चा कराने में समन्वय समिति के पच्चीस सदस्य लगातार सक्रिय रहे, जिसमे काफी सफलता मिली लगभग 75 जोड़े तय होने की स्थिति मे पहुँच गए हैं संयोजक कन्हैया अग्रवाल व हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि डाक्टर, इंजीनियर, उधोगपति, जज, अधिकारी सहित बड़ी कंपनियों में कार्यरत् प्रोफेशनल प्रत्याशी भारी संख्या में उपस्थित होकर बिना झिझक अपना परिचय देकर जीवन साथी के लिए परिचय प्राप्त किए, सगाई, संबंध परिवारों के साथ उनके घरों में तय किए जावेगे, विवाह की बढ़ती उम्र व विवाहित जीवन मे पड़ रहे गतिरोध से चिंतित अग्रवाल समाज के बच्चों के विवाह सही उम्र पर क्यों व कैसे करे सहित वैवाहिक जीवन प्रबंधन पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर निहारिका सिंघी, कटक, उड़ीसा का स्पीच भी ईस अवसर पर कराया गया, ईस अवसर पर प्रदेश के नए अध्यक्ष का चयन करते हुए महामंत्री नितेश अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुना गया। देश के मध्य में रायपुर के स्थित होने व ईज़ी परिवहन सुविधा व व्यवस्थित आयोजन होने से मध्य भारत का सबसे बड़ा परिचय सम्मेलन की ख्याति मिल गयी है, परिचय सम्मेलन में पहुंचे देश के विभिन्न शहरों से अभिभावकों ने कहा कि पूरे राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा परिचय सम्मेलन कहीं नहीं देखा, तथा इस परिचय सम्मेलन में जो अनुशासन एवं प्रत्याशियों के परिचय की व्यवस्था है, निश्चित रूप से आज हम सब का विश्वास इस आयोजक संस्था के ऊपर बना है एवं अभिभावकों ने भी आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया तथा पूरे आयोजन को सफल बनाने में जहां छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की टीम जुटी रही, तो वहीं 12 जनवरी के समापन समारोह के दौरान मंच के श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं परिचय सम्मेलन की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का भी स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया गया तथा दो दिवसीय कार्यक्रम के पश्चात 12 जनवरी की शाम हाईटी का कार्यक्रम हुआ एवं सभी सदस्य गंतव्य को रवाना हुए, कार्यक्रम का आयोजन मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसे सफल बनाने में मंच परिवार के सभी सदस्यों एवं महिला इकाई का भी योगदान रहा, साथ एक परिचय सम्मेलन की आयोजन समिति के भी सभी सदस्य ने इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया।

# छेरछेरा का पर्व नगर सहित अंचलो में धूमधाम व हर्षो उल्लास पूर्वक मनाया गया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा नेवरा नगर सहित पुरे अंचलो में अन्न दान का महापर्व छेर छेरा का पर्व हर्षो उल्लास व धुमधाम के साथ मनाया गया। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष पौष महिने की पूर्णिमा तिथी को अन्न दान का महा पर्व छेर छेरा का पर्व छत्तीसगढ़ में मनाया जाता है। इस दिन सुबह से ही छोटे छोटे बच्चे युवा युक्ति घरो घर जाकर हाथ में थैला बोरी लेकर, छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेर शब्दार्थ बोलते हुए जाते है। घर की महिलाएं धान, चावल, का दान खुशी से करते है। छेरछेरा पर्व के दिन खासा ग्रामीण अंचलो में छेर छेरा का पर्व धूम रहता है। इस दिन ग्रामीण अंचलो में छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा अरन बरन कोदो दरन जभे देबे तबे टरन, की गुंज सुनाई पढ़ती है। इस दिन जो भी दान किया जाता है। महादान होता है। छेर छेरा के दिन माँ अन्नपूर्णा व शाकंभरी मां की पुजा की जाती है। छेर छेरा का पर्व अन्न दान का निर्वहन किया जाता है। गुप् टोली बनाकर मांदर झांझ मंदिरा वाद् यंत्रो के माध्यम से पारम्परिक गीतो से भी छेर छेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा युवा बच्चे की टोली दान मांगने द्वार द्वार दस्तक देते हुए छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश है। किसानों के लिए कृषि जीवकोपार्जन का मुख्य साधन है।

# रेनबो चिल्ड्रंस हार्ट इंस्टीट्यूट ने 27 सप्ताह के फीटल पर डिवाइस क्लोजर के साथ दुनिया का पहला सफल फीटल एओर्टिक वाल्वुलोप्लास्टी किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मेडिकल के क्षेत्र में एक शानदार सफलता हासिल करते हुए, रेनबो चिल्ड्रेन्स हार्ट इंस्टीट्यूट, एक्सक्लूसिव पीडियाट्रिक हार्ट सेंटर में डॉक्टरों की एक मल्टी-डिस्प्लनरी टीम ने 27 सप्ताह के भ्रूण पर फीटल बैलून एओर्टिक वाल्वुलोप्लास्टी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस मामले में महिला, जो कि एक गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित थी, के भ्रूण को सही समय पर सटीक इंटरवेंशन से जीवित बचा लिया गया। इस उपलब्धि को अभूतपूर्व बनाने वाली बात यह है कि पंचर साइट को एक डिवाइस का उपयोग करके बंद किया गया था, एक नई और प्रमुख एप्रोच है, जिसे विश्व स्तर पर अपनी तरह का पहला माना जाता है। इस पूरे प्रोसिजर का नेतृत्व डॉ. कोनेती नागेश्वर राव, चीफ पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. श्वेता बाखरू, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट और डॉ. फणी भार्गवी धुलिपुडी, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट ने किया। साथ ही, फीटल मेडिसन स्पेशलिस्ट्स, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट्स, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट्स और प्रसूति विशेषज्ञों की एक मल्टी-डिस्प्लनरी टीम ने रेनबो चिल्ड्रंस हार्ट इंस्टीट्यूट में अत्याधुनिक तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर का पूरी तरह से समर्थन किया। इस सफलता पर, डॉ. कोनेती नागेश्वर राव, चीफ पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, रेनबो चिल्ड्रंस हार्ट इंस्टीट्यूट ने कहा कि यह उपलब्धि फीटल मेडिसन की सीमाओं को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ऐसे नाजुक और अधिक जोखिम वाले माहौल में क्लोजर डिवाइस का सफल उपयोग जन्म से पहले ही जीवन बचाने में इनोवेशन और टीम वर्क की ताकत को प्रदर्शित करता है। फीटल यानि भ्रूण पर यह प्रोसिजर, अत्यंत सटीकता के साथ की गई, क्योंकि एडवांस्ड इमेजिंग से पता चला कि एओर्टिक वाल्व में गंभीर नैरोइंग है, जो बच्चे के दिल के कार्य और पूरे अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर रहा है। इंटरवेंशन के बाद पंचर साइट को सील करने के लिए एक डिवाइस का इनोवेटिव उपयोग फीटल हार्ट केयर में एक नया स्टैंडर्ड स्थापित करता है। फीटल एओर्टिक वाल्व स्टेनोसिस से भ्रूण की मृत्यु या हाइपोप्लास्टिक लेफ्ट हार्ट सिंड्रोम हो सकता है। फीटल बैलून एओर्टिक वाल्वुलोप्लास्टी आमतौर पर लगभग 70% की सफलता दर के साथ की जाती है। आम तौर पर, प्रक्रिया के दौरान एक छोटी सुई और एक मीडियम आकार के गुब्बारे का उपयोग किया जाता है। लेकिन जब बच्चे को दिल से रक्त रिसाव के कारण जटिलताएं होने लगीं, तो हमने एक बड़ी सुई और बड़े बैलून का विकल्प चुना। अल्ट्रासाउंड गाइडेंस के तहत सुई को मां के पेट और गर्भाशय के माध्यम से भ्रूण के दिल में डाला गया। फिर एक बैलून कैथेटर को एओर्टिक वाल्व के माध्यम से बाधा को दूर करने और रक्त प्रवाह को बहाल करने के लिए आगे बढ़ाया गया। पहली बार, टीम ने प्रोसिजर के दौरान और बाद में भ्रूण की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पंचर साइट को सील करने के लिए एक क्लोजर डिवाइस का इस्तेमाल किया।




## वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए 27 जनवरी तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अविवाहित युवक एवं युवतियों से ऑनलाइन आवेदन और इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट https://agnipath-vayu.cdac.in अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट ईन है। अग्निवीर वायु भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम 27 जनवरी 2025 तक निर्धारित है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का जन्म 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के बीच हुआ हो। साथ ही 12वीं कक्षा न्यूनतम 50 अंको तथा अंग्रेजी विषय में 50 अंक के साथ उत्तीर्ण हो वे आवेदन कर सकते हैं।

## परियोजना अमला हेतु 17 जनवरी और 4 फरवरी को रायपुर में वॉक इन इंटरव्यू

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कार्यालय महानिदेशक छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद विज्ञान भवन विधान सभा रोड सडडु रायपुर द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लिए अस्थायी आधार पर परियोजना अमलों हेतु 17 जनवरी और 4 फरवरी 2025 को वॉक इन इंटरव्यू के लिए आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। विस्तृत विज्ञापन और जानकारी वेबसाइट सीकोस्ट डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन ccost.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

## सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सैनिक स्कूल में कक्षा 6वी एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाईट एक्जाम डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन https://e&ams.nta.ac.in 13 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक भरे जाएंगे। कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु बालक एवं बालिका की आयु 31 मार्च 2025, की स्थिति में 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, रक्षा, भूतपूर्व सर्विसमेन से सम्बंधित आवेदकों को 800 रुपए शुल्क देय होगा।

## सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ शिविर कैंप का आयोजन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना चलाई जा रही हैं। यह योजना लोगों के स्वास्थ के लिये बहुत ही लाभकारी योजना हैं, क्यो कि इस योजना से भाटापारा में लोगों को कुशल चिकित्सको द्वारा निःशुल्क स्वास्थ सुविधा मिल रही हैं। इसी कड़ी में भाटापारा के सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों एवं आमजनों का स्वास्थ परीक्षण, खून जांच कराया गया एवं निशुल्क दवाई वितरण भी किया गया। यह योजना लोगों के लिये वरदान साबित हो रही हैं, क्यों कि बुढ़ापे में शुगर और ब्लड प्रेशर की वजह से लोगों को शारीरिक एवं आर्थिक संस्याओ का सामना करना पड़ता हैं, लेकिन मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट में निःशुल्क में उपचार करा कर दवाई प्राप्त कर लेते हैं जिसके वजह से उन्हें समय पर ईलाज मिल जाती हैं।

## चलित मोबाईल मेडिकल यूनिट मे स्वच्छता दीदीयो का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार पूरे राज्य में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उसी अनुसार बाराद्वार नगर पंचायत के अंतर्गत निकाय में एपीएम शुभम साहू के निर्देशानुसार कार्यरत समस्त सफाई दीदियों का मुख्यमंत्री शहरी स्लाम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत चलित मोबाईल मेडिकल यूनिट के डॉ श्वेता अग्रवाल ने सभी सफाई दीदियों स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा टिटनेस इंजेक्शन लगाया गया एवं डॉ श्वेता अग्रवाल ने बताया की साफ सफाई कार्य के बाद अच्छे से हाथ को सेनेटाइज करना चाहिए एवं सफाई के सबंध मे आवश्यक सुझाव दिये। अपने बाराद्वार निकाय में विगत माह दिसंबर में 426महिला, 323 पुरुष एवं 47 बच्चों ऐसे कुल मिला कर 796का जांच हुआ एवं 125 लैब टेस्ट किया गया। इस अवसर पर एपीएम शुभम साहू , डॉ श्वेता अग्रवाल, सीएमओ पुनीत वर्मा, एलटी राकेश चंद्रा, फार्मासिस्ट रघुवीर चंद्रा, नर्सिंग स्टॉफ अंजू महंत, वाहन चालक दिनेश साहू मोबाइल मेडिकल यूनिट के कर्मचारी मौजूद थे।

## शिक्षिका के प्रयास से घुमंतु परिवार के तीन बच्चों को किया शाला में दाखिल



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला वीरेंद्र नगर में घुमंतु परिवार के तीन बच्चों की भर्ती की गई। शाला के शिक्षिका पुष्पा पारेश्वर के द्वारा सुबह की सैर करते-करते उसकी नजर इन घुमंतु परिवार के बच्चों पर पड़ी, जो प्रतिदिन खेलते रहते थे। शिक्षिका एवं प्रधान पाठक सिंधु प्रधान के द्वारा के द्वारा बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछने पर पता चला कि वे पढ़ने नहीं जाते थे, इसके बाद उनके परिवार से लगातार संपर्क कर एवं शाला में आने के लिए प्रेरित कर उन्हें शाला में दाखिल किया गया। तीनों बच्चों को बैग, कॉपी, पेन और टाई, बेल्ट दिया गया, जिसपर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

## कौशल काव्य धारा का उद्घाटन समारोह निंदा से परे इतिहास रचें : डॉ. डागर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कला साहित्य और समाज सेवा को समर्पित संस्था कौशल काव्य धारा का उद्घाटन समारोह रायपुर के वृंदावन हाल में सोल्लास संपन्न हुआ। समारोह के अध्यक्ष सुविख्यात भाषाविद डॉ चितरंजन कर, मुख्य अतिथि छत्तीसगढ हिंदी साहित्य मंडल के अध्यक्ष आचार्य अमरनाथ त्यागी, तथा विशिष्ट अतिथियों में विख्यात साहित्यकार गिरीश पंकज, शासकीय कालेज गुड़ियारी की प्राचार्या डॉ मधुलिका अग्रवाल, डॉ माणिक विश्वकर्मा, डॉ विजय मिश्रा 'अमित'और डॉ सुधीर शर्मा शामिल थे। आरम्भ में सरस्वती वंदना के पश्चात् साहित्य विभूतियां का स्वागत शाल, पुष्प माला, श्रीफल से किया गया। इसी क्रम में वैभव प्रकाशन से प्रकाशित डॉ. डागर रचित दो किताबें सफलता के सौ सूत्र तथा वंदनावली का विमोचन हुआ। इनके समीक्षक डॉ विश्वकर्मा ने मानव जीवन को सफल एवं समाजोपयोगी बनाने की दृष्टि से किताबों को उत्कृष्ट बताया। आगे विजय मिश्रा 'अमित' ने कहा राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. डागर ने साहित्य के पथ पर नई डगरबनाई है। छत्तीसगढ़ के साहित्य को समृद्ध करने की यह सराहनीय पहल है। समारोह का अंतआभार प्रदर्शन सहित कौशल काव्य-धारा संस्था नव प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में मूर्धन्य कवियों ने कवितायें पढ़कर गोष्ठी में चार चांद लगाए। डॉ चितरंजन कर ने कहा- मैं खुद को हर बार मिटाया करता हूँ। मैं खुद नया संसार बनाया करता हूँ।आचार्य अमरनाथ के अल्फाज थे'-तेरी दहलीज से सूरज को निकालता देखूं, एक दीया दूर तक राह में जलता देखूं। गिरीश पंकज ने कहा-कविता जीवन को रचने की चीज होती है मात्र मनोरंजन की वस्तु नहीं।डॉ जे के डागर ने कहा-टांग जमाना खींचता, लोग करें उपहास, फिर भी जो आगे बढ़े, वह रचता इतिहास।

## मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का मोबाइल मेडिकल यूनिट बना स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए वरदान



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा 10 जनवरी 2025 को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर समस्त स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। विदित हो कि स्वच्छता के क्षेत्र में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन समय समय पर किया जाता रहा है । निकाय में 97 स्वच्छता दीदी एवं सफाई मित्र कार्यरत हैं जो प्रतिदिन घर घर से कचरा कलेक्शन का कार्य व नगर की साफ सफाई का कार्य करते हैं, जिनका समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होता है। जिसके लिए निकाय के माध्यम से मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण व आवश्यक दवा वितरण की सुविधा समस्त आम नागरिकों को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इस सुविधा का लाभ लेने हेतु शासन द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का ऐप तैयार किया गया है, इसके माध्यम से सभी सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। इस अवसर पर निकाय के स्वास्थ्य निरीक्षक रामगोपाल चंद्राकर, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विक्रांत कुमार साहू, मोबाइल मेडिकल यूनिट के समस्त स्टॉफ, निकाय के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, स्वच्छता दीदी, सफाई मित्र एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत किया गया सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत चलित चिकित्सा इकाई के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाने हेतु जिलाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा निर्देशित एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर नगर पालिका परिषद कुम्हारी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत चलित चिकित्सा इकाई के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।




सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के सभी जीरो वेस्ट सेंटर एस एल आर एम सेंटर में कार्यरत सभी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष शिविर के माध्यम से प्रति माह शिविर का आयोजन कर आवश्यक जांच एवं परीक्षण किया जा रहा है। सेंटर में कार्यरत समस्त स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमे बी. पी, शुगर, कैल्शियम, ब्लड ग्रुप, थाइरॉइड, विटामिन, एवं अन्य जांच किये गए एवं जांच उपरांत चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश साहू द्वारा आवश्यक दवाइयां दीदियों को उपलब्ध करवाई गई एवं स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी भी साझा की। यह सेवा चलित चिकित्सा इकाई के माध्यम से न केवल स्वच्छता कर्मियों अपितु आम नागरिकों के लिए भी निःशुल्क उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक और जिला समन्वयक तथा अन्य अधिकारीगण भी शिविर में उपस्थित थे।

**एसएसआई मंत्रा के मेड-इन-इंडिया सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि**

## दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को 286 किलोमीटर की दूरी से दिया गया अंजाम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भोगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज़ उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी ज़ाहिर करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ''हमें गर्व है कि हमने मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमता को आधुनिक बनाया है, इससे खासतौर पर सुदूर इलाकों के मरीज़ों को लाभ होगा, जो आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। टेलीसर्जरी के द्वारा हम किसी भी इलाके में स्थित मरीज़ों को सर्वोच्च गुणवत्ता की देखभाल मुहैया कराना चाहते हैं। भारत जैसे देश में जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी है और भोगोलिक सीमाएं इलाज में रूकावट बन जाती हैं, यह इनोवेशन बदलावकारी साबित होगा। टेलीसर्जरी वंचित समुदायों के लिए विश्वस्तरीय सर्जिकल विशेषज्ञता को सुलभ बनाएगी। साथ ही ग्रामीण लोगों को इलाज के लिए लम्बी दूरी तय कर शहरों में आने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इससे परिवारों पर लॉजिस्टिक और इलाज के खर्च का बोझ कम होगा। हम आधुनिक सर्जिकल केयर को अधिक किफ़ायती और सुलभ बनाना चाहते हैं। टेलीसर्जरी के माध्यम से हम कुशल सर्जनों की सेवाओं को देश के हर कोने तक पहुंचा सकेंगे और चिकित्सा सेवाओं की सुलभता का तरीका पूरी तरह से बदल देंगे। डॉ ललित मलिक, चीफ ऑफ कार्डियक सर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा, यह आधुनिक इंटर-स्टेट रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी मरीज़ों की देखभाल में बड़ा इनोवेशन है। जयपुर के एक बुजुर्ग मरीज़ में रिमोट रोबोटिक असिस्टेड सीएबीजी इस बात की पुष्टि करती है कि किस तरह आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से दूरी के अंतर को खत्म कर मरीज़ों को समय पर सटीक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकती है। यह उपलब्धि विश्वस्तरीय चिकित्सा देखभाल को मरीज़ों के लिए सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए डॉ फ्रेडिक मोल, फादर ऑफ सर्जिकल रोबोटिक्स, और संस्थापक, इंट्युटिव सर्जिकल और एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक, वाईस चेयरमैन ने कहा, ''मैं डॉ श्रीवास्तव और एसएसआई की पूरी टीम को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ज.मृ.प्र.क्र./502/2024-25
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश श्रीवास आ. कार्तिकराम जाति नाई निवासी मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कराने हेतु रजिस्ट्रार जन्म नगर पालिका परिषद मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15/01/2025 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् मुंगेली**

# आलोक गुप्ता की हैट्रिक चौके से यंग तिरंगा को हराकर रंगीला क्लब ने जीता यंग मुस्लिम क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल

## कप्तान चांद अकरम, बब्ला गुप्ता इम्तियाज अंसारी, रितेश गुप्ता की रही प्रमुख भूमिका








पायनियर संवाददाता ⊲ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कव्वाली मैदान में आयोजित सिक्स एंड साइड नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल रोमांच से भरपूर रहा। 6 प्लेयर और ओवर के साथ छोटे कैम्पस में खेल का रोमांच चरम पर था। कव्वाली मैदान में यंग मुस्लिम क्रिकेट क्लब के बैनर तले सिक्स एंड साइड फार्मेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मुस्लिम युवाओं के 6 दिन किया गया जिसमें 24 टीमों ने हिस्सा लिया। अंजुमन इस्लामियां के सदर महबूब अंसारी के मार्गदर्शन में आयोजित टूर्नामेंट में विशेष भूमिका छोटे अंसारी, मिन्हाज आलम, बेलाल अंसारी, सगीर खान, सहबाज अहमद, समीर खान, तनवीर खान रही। इन्होंने पूरा समय देकर टूर्नामेंट को सफल बनाया।

### टीआई रविशंकर रहे विशेष अतिथि

टूर्नामेंट का फाइनल रोमांचक मैच जशपुर जिला मुख्यालय के सबसे प्रसिद्ध यंग तिरंगा और पुराना रंगीला क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### आलोक की हैट्रिक से विजयी

फाइनल मुकाबला में यंग तिरंगा ने टॉस जीतकर बैटिंग लिया और 52 रन बनाए। वहीं जवाब में रंगीला क्लब ने 9 बॉल शेष रहते ही मैच जीत लिया। मैच के अंतिम में जीतने के लिए 12 बॉल में 12 रन की आवश्यकता थी। पीच पर आलोक गुप्ता थे। उन्होंने 3 बॉल पर लगातार 3 चौके की हैट्रिक लगाकर टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। आलोक गुप्ता ने इस जीत का श्रेय टीम के कप्तान मोहम्मद चांद अकरम, बबला गुप्ता, इम्तियाज अंसारी, परवेज आलम बाबू, रितेश गुप्ता और मिक्कू गुप्ता को दिया है। विजेता टीम को 31 हजार रूपए नगद और ट्रॉफी दी गई वहीं उपविजेता टीम को 15 हजार नगद और ट्रॉफी दिया गया।

### मैदान में दर्शकों का हुजूम

कहा जाता है भारत में क्रिकेट एक धर्म की तरह है। उसके मानने वालों की संख्या अत्यधिक है। यह नजारा कव्वाली मैदान में यंग मुस्लिम क्रिकट क्लब की ओर से आयोजित सिक्स एंड साइड टूर्नामेंट में देखने को मिला। टूर्नामेंट में रोजाना हजारों की भीड़ इकट्ठा होती रही।

# राज्य स्तरीय फल, फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी का भव्य समापन



पायनियर संवाददाता ⊲ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रकृति की ओर सोसायटी, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, उद्यानिकी विभाग, आईजीकेवी एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय फल, फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल (सांसद) एवं विशेष अतिथि के. एस. पैकरा (उपसंचालक, उद्यानिकी विभाग) एवं जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड से अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य केवल फल, फूल और सब्जियों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं बल्कि यह कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में नवाचार और उन्नति को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त मंच भी प्रदान करता है इसके माध्यम से प्रतिभागियों की रचनात्मकता और परिश्रम को सम्मानित भीकिया जाता है। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, प्रकृति की ओर सोसायटी एवं जिंदल स्टील के तत्वाधान द्वारा पिछले 15 वर्षों से आयोजित यह प्रदर्शनी प्रेरणादायक है। यह न केवल लोगों को प्रकृति से जोड़ती है, बल्कि समाज और विद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित कर उन्हें प्रेरित भी करती है।

हम सभी को फूलों की तरह खिले रहकर समाज में सकारात्मकता का संचार करना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें अलग अलग कैटिगरी में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रथम, द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं प्रदर्शिनी के आखरी दिन होने से देर रात तक लोग इस प्रदर्शनी का आनंद उठाते दिखे।

# नशे के सौदागरों के खिलाफ जशपुर पुलिस का प्रहार लगभग 35 लाख रु का 1 क्विंटल गांजा किया जब्त

## नाकाबंदी हुई सफल, गांजा की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को किया गिरफ्तार






पायनियर संवाददाता ⊲ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

तपकरा पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली की एक मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक MP09CM- 8238 से दो व्यक्ति उड़िसा राज्य से गांजा लेकर तपकरा , घुमरा,बनडेगा मार्ग से होते हुए उत्तरप्रदेश की ओर बिक्री करने के उद्देश्य से ले जा रहे हैं, जिसमे चालक नीला रंग का के जींस पैंट व स्लेटी रंग का स्वेटर पहना है तथा कार के पीछे सीट में बैठा व्यक्ति नीला रंग का जैकेट व स्लेटी रंग का पैंट पहना है। जिस पर थाना प्रभारी तपकरा उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर द्वारा मुखबीर की सूचना के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर थाना तपकरा व थाना फरसबाहार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर तपकरा, घुमरा, बनडेगा मार्ग में तत्काल नाकाबंदी की गई, तथा आने जाने वाले वाहनों को चेक किया जा रहा था, कि इसी दौरान मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक MP09CM- 8238 आता दिखाई दिया, जिसे नाकाबंदी कर रोक कर तलाशी लेने पर ड्राइवर के बगल वाली सीट के नीचे 07 पैकेट, पीछे की सीट के नीचे से 11 पैकेट व कार के पीछे डिक्की से 28 पैकेट इस प्रकार कुल 46 पैकेट, भूरे रंग की प्लास्टिक टेप से लिपटा हुआ गांजा बरामद किया गया। बरामद किए गए गांजे का कुल वजन 1 क्विंटल के करीब है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 35 लाख रु है। कार से गांजे के तस्करी कर रहे आरोपियों क्रमशः सूरज गौतम पिता धीरन बलीराम गौतम उम्र 19 वर्ष निवासी मुशीलाठपुर थाना भदोही जिला भदोही (उत्तरप्रदेश) शिवम गुप्ता पिता वालेश गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी सहरमा, दुर्गागंज थाना बरसठी जिला जौनपुर (उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही तस्करी के लिए प्रयुक्त कार, आरोपियों के मोबाइल, को भी पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर थाना तपकरा में 20(ख)ii(ग) एन डी पी एस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है । आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा जावेगा। नाकाबंदी एवं मादक पदार्थ गांजा की बरामदगी तथा आरोपीयो की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तपकरा उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, थाना प्रभारी फरसाबहार उप निरीक्षक विवेक भगत, सहायक उप निरीक्षक अनिल कामरे , प्रधान आरक्षक अजय लकड़ा, आरक्षक सजीत मिंज, शिवशंकर, अविनाश लकड़ा, हरिशंकर साय, महिला आरक्षक नीलम पैंकरा नगर सैनिक जीवन मुडू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

> पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि गांजे की तस्करी होने वाली है, तीन थानों की पुलिस को नाकेबंदी में लगाया गया था, अंततः तस्कर पुलिस की गिरफ्त में आए। इसके मास्टर माइंड को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# हेट स्पीच मामले में प्रतिभा सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज मुस्लिम समुदाय ने एसपी शशि मोहन को सौंपा था ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ⊲ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

समुदाय विशेष के विरुद्ध सार्वजनिक मंच से भड़काऊ भाषण देने के मामले में बगीचा पुलिस ने प्रतिभा सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया है।मुस्लिम समाज की शिकायत पर पुलिस ने उक्त कार्यवाही की है। प्रतिभा सिंह ने अपने भाषण में कहा, मीडिया मेरी बातों को दिखा दे और मुझे जेल भी हो जाए तो कोई दिक्कत नहीं है. एक प्रतिभा जाएगी तो कई प्रतिभा खड़ी होगी. उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत बगीचा में स्थानीय कांग्रेसी नेता नासिर अली द्वारा दुर्गा मंदिर में बज रहे भजन को बंद कराए जाने से उपजा विवाद अब गहराता जा रहा है। 3 जनवरी को मंदिर का लाउडस्पीकर बंद कराए जाने के मामले में पिछले 7 जनवरी को सनातन



हिन्दू समाज के बैनर तले बड़ी संख्या में महिलाओं व क्षेत्र के सनातनियों ने नगर बंद करते हुए रैली आमसभा के माध्यम से इस घटना के पुनः जांच की मांग की थी।जिसे लेकर नागरिकों का भरपूर समर्थन मिला था। इधर पुलिस की जांच चल ही रही थी कि कार्यक्रम की संयोजिका प्रतिभा सिंह के विरुद्ध मुस्लिम समाज द्वारा जशपुर में शिकायत की गई जिसमें बताया गया है कि प्रतिभा सिंह द्वारा मुस्लिम समाज के विरुद्ध भड़काऊ भाषण दिया गया है जिसमें समाज की एकता,अखंडता व संप्रभुता पर खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की गई है।

**इन धारा में अपराध दर्ज** -मुस्लिम समाज के सरवर अली द्वारा की गई शिकायत पर जांच के बाद बगीचा पुलिस ने बीएनएस की धारा 196(1)(b) 299,353 (2)के तहत प्रतिभा सिंह पति अमित सिंह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इधर स्थानीय दुर्गा मंदिर में रविवार को महिला मंडली की बैठक संपन्न हुई जिसमें एकजुट होकर कड़े प्रतिकार की बात कही गई है।बहरहाल कांग्रेसी नेता नासिर अली के कृत्य से सनातन समाज आहत है,मुस्लिम समाज ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की है।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. प्रशांत शुक्ला ने ग्रहण किया पदभार

पायनियर संवाददाता ⊲ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी डॉ. प्रशांत शुक्ला ने



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर का पदभार ग्रहण किया। डॉ. शुक्ला राज्य पुलिस सेवा छत्तीसगढ़ के 2013 बैच के अधिकारी हैं। वे जिला बीजापुर, राजनांदगांव में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर रहे है साथ ही ईओडबल्यू/एसीबी एवं सीआईडी में पदस्थ रहे है। वे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर पखांजुर एवं कांकेर में पदस्थ रहे है। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने यातायात के सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने सक्रियता से कार्य करने की आवश्यकता बताई। साथ ही आमजन की शिकायतों व सुझाव पर संवेदनशीलता से कार्य करने निर्देशित किया।

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा एवं अखंड रामचरित मानस का पाठ

पायनियर संवाददाता ⊲ रायपुर
www.dailypioneer.com

राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं ने डीजे के साथ नाचते गाते निकली कलश यात्रा एवं अखंड रामचरित मानस का पाठ कराया। नगर पालिका मंदिर हसौद में राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 6 के निवासियों के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। उसके पश्चात् अखंड राम चरित मानस का पाठ करवाया गया और पुरे कालोनी को सजाया एवं 108 दीप जलाकर दीपोत्सव भी मनाया गया और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें पुरे कालोनी वासियों ने हर्षोल्लास के साथ खुशियाँ मनाई गई जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय एवं संरक्षक अंजू बघेल रही। इनके सहयोगी संजय सिंह विनोद श्रीवास्तव प्रवीण सिंह बलवंत यादव राजेश सिंह पुष्पराज शुक्ला हरीश घाटे उमेश साहू



अरविन्द पाण्डेय राजेंद्र प्रसाद शुक्ला दिनेश पाण्डेय एवं दिलीप पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा। मुख्य यजमान सुकालू साहू एवं उनकी अर्धांगिनी जी रही। आचार्य के रूप मे पंडित सतेंद्र द्विवेदी रहे और विश्व हिन्दू परिषद रायपुर ग्रामीण के मठ मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख विमल शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

# ई-रिक्शा मालिक एवं चालक संघ के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए निगम आयुक्त और यातायात पुलिस के डीएसपी सहित सहायक उप निरीक्षक किया जागरूक

## सवारी से करें मित्रवत व्यवहार बनाए अपनी अलग पहचान/डीएसपी डीके सिंह

पायनियर संवाददाता ⊲ कोरबा
www.dailypioneer.com






सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा बृहद रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए नियमों का पालन करने हेतु अपील की जा रही है इस दौरान आम जनों का सहयोग भी यातायात पुलिस को मिल रहा है इसी कड़ी में सोमवार को ई-रिक्शा मालिक एवं चालक संघ बालको के द्वारा अपने कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डी के सिंह सहायक उप निरीक्षक यातायात पुलिस कोरबा मनोज राठौर और बालको से पांडे को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया। ई रिक्शा मालिक एवं चालक संघ बाल को के कार्यक्रम में लगभग 150 की संख्या में ई रिक्शा मालिक और चालक उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डी के सिंह ने कहा कि ऑटो चालकों का काम भी समाज के लिए महत्व रखता है उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप अपनी अलग पहचान बनाएं और चाहे दिन हो या रात किसी भी सवारी को परेशान ना होने दें और उचित किराया ही वसूल करें सिंह ने कहा कि सड़क में चलते समय आप स्वयं यातायात नियमों का भली भांति पालन करें साथ ही आम जनों को भी इसकी जानकारी देते हुए अच्छे नागरिक होने का परिचय दें निगम आयुक्त पांडे ने कहा कि समाज में कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता है और आप लोगों की भूमिका भी समाज को आगे बढ़ाने में महत्व रखती है उन्होंने ई-रिक्शा में महिलाओं के योगदान को लेकर कहा कि निगम में भी इस समय लगभग 700 दीदी काम कर रही हैं इनमें से 350 दीदियां ई रिक्शा के माध्यम से घर-घर जाकर कचरा संग्रहण कर रही हैं इसलिए कोई भी काम करते समय ध्यान रखें की कम स्मार्ट होना चाहिए पांडे ने कहा कि कोई भी कार्य खराब नहीं होता है और काम स्मार्ट और हार्ड तरीके से किया जाता है लेकिन स्मार्ट तरीके से किया किया गया काम अपनी अलग पहचान बनाता है इसलिए हमेशा स्मार्ट काम करने का प्रयास करें इस दौरान यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा का यह कार्यक्रम अनवरत रूप से जारी रहेगा उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।



Estd. 1992
GYAN GANGA
EDUCATIONAL ACADEMY

Affl. to CBSE New Delhi (Affi. No. 3330020)

# Gyan Ganga
## Educational Academy

GLORIOUS PAST OF 33 YEARS...
33 Years

### ACADEMICS
- Highly Qualified & Experienced Faculties.
- Tutorial Plans & Doubt Clearance Sessions.
- Subject & Concept Strengthening Plans.
- Exclusive Preparation for NEET, JEE, CA, CS & Law.

### ACTIVITY
- Art, Craft & Music Studio,
- Career Counselling seminars & Workshops.
- Language & Maths Lab.
- Life Skill.
- Environmental Sustainability Initiatives

### DISCIPLINE
- NCC, Army & Air Wing
- Personal Care.
- Weekly Review Per Kid.
- Inculcation of values and cultural standards.

### SPORTS
- 5 Acres Sports Complex.
- Separate Games.
- Separate Coaches.
- Active participation in Inter-School, State & National Sports tournaments.

### INFRA
- Lush Green Campus.
- AC Buses
- Canteen
- AC Hostel for Boys & Girls.

### 21ST CENTURY SKILLS
- AI and Robotics
- Digital Classrooms with 75" Android panel.






## Gyan Ganga Educational Academy

Vidhan Sabha Marg, Nardaha, RAIPUR - (C.G.)

0771-2284716, 2284816

www.gyangangaraipur.com gyangangaraipur@yahoo.co.in

**In The Cause Of Excellence In Education**

sumit

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403